# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 24 मार्च 2024 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-355 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 25 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु. phone: 0771-2543112,tarunpressraipur@gmail.com

## आज जलेगी होली 25 को खेलेंगे रंग

**रायपुर,24 मार्च.** रंगों का त्यौहार होली राजधानी सहित पूरे प्रदेश में रंगीन मिजाज के साथ मनाई जाएगी। इससे पहले आज शाम होली दहन किया जाएगा। होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन व्यापक इंतजाम किये हैं।

## अवकाश-सूचना

होली पर 25-26 मार्च 2024 को तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस एवं कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला सांध्य संस्करण 27 मार्च 2024 एवं प्रातः संस्करण 28 मार्च 2024 को प्रकाशित होगा। **होलिकोत्सव** पर सभी पाठकों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

**व्यवस्थापक**

# भारत ने कनाडा को बताया खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप सिंह दल्ला का ठिकाना

**नई दिल्ली,24 मार्च.** भारत सरकार ने कनाडा स्थित खालिस्तान टाइगर फोर्स के आतंकवादी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श दल्ला के ठिकाने की जानकारी कनाडा सरकार को देते हुए उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चिक करने को कहा है। आपको बता दें कि दल्ला के खिलाफ भारत में दर्ज मामलों की जांच एनआई कर रहा है। वह कई मामलों में वांटेड है। भारतीय एजेंसियों ने उसे भगोड़ा घोषित किया था। भारतीय एजेंसियों ने कुछ तस्वीरों के साथ उसकी कार और वर्तमान पते की सटीक जानकारी कनाडा की सरकार को दी है। सूत्र ने कहा, एनआईए ने गृह मंत्रालय के माध्यम से विदेश मंत्रालय (एमईए) से संपर्क किया। इसके बाद दिल्ली स्थित दूतावास के माध्यम से कनाडा की सरकार से संपर्क किया गया और दल्ला को अस्थायी तौर पर गिरफ्तारी करने के लिए कहा है। सूत्र ने बताया कि पुख्ता सबूत देने के बाद भी कनाडा की सरकार के द्वारा अर्श दल्ला के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कनाडा दूतावास को भेजी गई क्वेरी का भी



कोई जवाब नहीं मिला है। 2020 तक दल्ला पंजाब स्थित गैंगस्टरों के साथ काम कर रहा था। बाद में वह कनाडा चला गया जहां उसने केटीएफ प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर के साथ काम करना शुरू कर दिया। वह निज्जर के लिए आतंकी मॉड्यूल चलाना शुरू कर दिया। आपको बता दें कि आतंकवादी निज्जर को पिछले साल 18 जून को एक गुरुद्वारे के परिसर में अज्ञात हमलावरों ने मार डाला था। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जघन्य अपराधों में उसकी संलिप्तता पाए जाने के बाद पिछले साल 9 जनवरी को दल्ला को आतंकवादी घोषित किया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दल्ला आतंकी गतिविधियों के अलावा हत्या, जबरन वसूली और टारगेट किलिंग जैसे जघन्य अपराधों में शामिल है। वह आतंकियों को वित्तीय मदद देने के साथ-साथ पाकिस्तान से बड़े पैमाने पर ड्रग्स और हथियारों की तस्करी में भी शामिल है। निज्जर की हत्या के बाद दल्ला केटीएफ के सभी ऑपरेशन संभाल रहा है। वह भारत में कुछ और हत्याओं को अंजाम देने की कोशिश कर रहा है। दल्ला ने भारत में अपना ऑपरेशन जारी रखा है। पिछले साल सितंबर में कांग्रेस नेता बलजिंदर सिंह बल्ली की पंजाब के मोगा में उनके घर पर उनके दो सहयोगियों के साथ गोली मारकर हत्या कर दी थी। बल्ली की हत्या के कुछ घंटों बाद मोगा के डाला गांव के निवासी दल्ला ने फेसबुक पर इसकी जिम्मेदारी ली।

# मैं जेल में हूं, इसके चलते लोगों को जरा भी तकलीफ नहीं होनी चाहिए: केजरीवाल

**नई दिल्ली,24 मार्च.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में रहते हुए सरकार चलाने के तहत अपना पहला निर्देश जारी किया है। आम आदमी पार्टी सरकार की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर केजरीवाल के निर्देशों की घोषणा की। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान आतिशी ने कहा, 'दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी ने ईडी कस्टडी में होते हुए, बतौर जल मंत्री मेरे लिये निर्देश भेजे हैं। जब मैंने यह निर्देश पढ़े तो मेरी आँखों में आँसू आ गए। मैंने सोचा कि यह इंसान किस मिट्टी के बने है, जो इतनी विपरीत परिस्थिति में अपने बारे में नहीं सोच रहे, बल्कि दिल्ली वालों के बारे में सोच रहे है।' आतिशी ने बताया, 'अरविंद केजरीवाल के आदेशों में कहा है कि मुझे पता चला है कि दिल्ली के कुछ इलाकों में पानी और सीवर की काफ़ी समस्या हो रही है इसको लेकर मैं चिंतित हूं क्योंकि मैं जेल में हूं इसके चलते लोगों को जरा भी तकलीफनहीं होनी चाहिए। जहां पानी की कमी है वहां पर उचित संख्या में टैंकरों का इंतजाम किया जाए। मुख्य सचिव समेत अन्य अधिकारियों को उचित आदेश दीजिए ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी ना हो। जनता की समस्याओं का तुरंत और समुचित समाधान होना चाहिए। जरूरत पड़ने पर स्न महोदय का भी सहयोग लें, वह भी आपकी जरुर मदद करेंगे।'केजरीवाल की तारीफकरते हुए आतिशी ने



अपने ट्वीट में लिखा, 'अरविंद केजरीवाल अपने आप को सिर्फ़ दिल्ली वालों का मुख्यमंत्री नहीं मानते, वो हर दिल्ली वाले को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। तो एक बेटा, एक बड़ा भाई होने के नाते, उन्हें हिरासत में भी 24 घंटे अपने दिल्ली के 2 करोड़ लोगों के परिवार की चिंता सता रही है । वो दिल्ली वालों के बारे में ही सोच रहे हैं।' बता दें, ईडी ने बृहस्पतिवार को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को उनके आधिकारिक आवास से गिरफ्तार कर लिया था। एक अदालत ने शुक्रवार को 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक को 28 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया था।

## संक्षेप

### इंडियन ऑयल का 'स्टॉर्म' बना

**मुंबई,24 मार्च.**भारत की प्रमुख ऊर्जा कंपनी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपनी नवीनतम तथा बेहतर प्रदर्शन वाले ईंधन, 'स्टॉर्म-अल्टीमेट रेसिंग फ्यूल' के साथ एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) - 2024 के ऑफिशियल फ़्यूल पार्टनर के रूप में शानदार तरीक़े से प्रवेश किया। बुरिराम, थाईलैंड के चांग इंटरनेशनल सर्किट में चैंपियनशिप के शुरुआती दौर में स्टॉर्म ने सभी रेसिंग बाइक्स को ईंधन दिया। एआरआरसी चैम्पियनशिप थाईलैंड, चीन, जापान, इंडोनेशिया, मलेशिया में यात्रा करेगी, जिसका समापन थाईलैंड में होगा। इंडियनऑयल एकमात्र भारतीय ऊर्जा कंपनी है जिसे सभी एआरआरसी आयोजनों में तीन साल की अवधि के लिए चैंपियनशिप के लिए ऑफिशियल फ़्यूल पार्टनर के रूप में यह सम्मान प्राप्त हुआ है.

### कनाडा में भारतीय छात्रों के लिए बैंकिंग शिक्षा

**मुंबई,24 मार्च.**आज कनाडा में पढ़ाई करने की योजना बना रहे भारतीय छात्रों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए एक विस्तृत संबंध की घोषणा की। इस समझौते के साथ, टीडी और एचडीएफसी बैंक एक नए रेफरल प्रोग्राम की घोषणा कर रहे हैं। एचडीएफसी बैंक कनाडा में पढ़ाई करने की योजना बना रहे छात्रों को टीडी इंटरनेशनल स्टूडेंट जीआईसी प्रोग्राम में रेफर करेगा। ये प्रोग्राम छात्रों को कनाडा सरकार के स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम (एसडीएस) स्टडी परमिट रूट का आसानी से पालन करने में सक्षम बनाता है।

### आईएसआईएस में शामिल होने जा रहा था आईआईटी का छात्र,बंदी

**गुवाहाटी,24 मार्च.** आईआईटी-गुवाहाटी का एक छात्र आतंकी संगठन ढ्ढस्ढ्ढस् में शामिल होने जा रहा था। जानकारी मिलने के बाद शनिवार को असम पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। बता दें कि हाल ही में सोशल मीडिया और ईमेल के माध्यम से बायोटेक्नॉलजी चतुर्थ वर्ष के एक छात्र ने आतंकी संगठन के साथ जुड़ने की मंशा जाहिर की थी। इसका बता जब एजेंसियों को चला तो उसकी तलाश की जाने लगी। पता चला कि वह कई दिनों से आईआईटी परिसर से गायब था। हालांकि पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। बता दें कि हाल ही में भारत में आईएसआईएस का सरगना हारिस फारूकी और उसके अन्य सहयोगियों को धुबरी से गिरफ्तार किया गया है। वे बांग्लादेश की सीमा पार कर भारत पहुंचे थे और एक धर्मशाला में छिपे हुए थे। पुलिस के मुताबिक दिल्ली के रहने वाले छात्र के खिलाफ लुकआउट अल्ट जारी किया गया था। उसने हाल ही में लिंक्डइन पर एक खुला खत लिखा था जिसमें उसने अपने फैसले की वजहें भी बताई थीं। उसे असम के हाजो से गिरफ्तार किया गया जो कि गुवाहाटी से करीब 39 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने जब आईआईटी गुवाहाटी के प्रशासन से संपर्क किया तो पता चला कि दोपहर से छात्र गायब है। उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ आ रहा था।

# छत्तीसगढ़ से जाकर उप्र में चोरी

**लखनऊ,24 मार्च.** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में छत्तीसगढ़ से आकर चोरी की घटना को कारित करने वाले गिरोह के 5 सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस ने बीते दिनों सरोजनीनगर और कृष्णा नगर में हुई चोरी का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, छत्तीसगढ़ के आरोपी लखनऊ में मजदूरी-मिस्त्री का काम करके घरों और दुकानों की रेकी करते थे। इसके बाद रात के अंधेरे में चोरी करते थे। इसमें 3 सगे भाई हैं वहीं दो आरोपी रिश्तेदार हैं। इनके पास से लोहे की राड, 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस, 2 कैरेट सिगरेट बरामद हुई है। वहीं पारा थाना क्षेत्र में महिला से चेन स्नैचिंग की घटना का भी खुलासा हुआ है। डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि बीते 11 मार्च 2024 को सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित एक दुकान से शटर का ताला तोड़कर रुपये और समान चोरी किया गया था। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके तलाश शुरू की। वहीं दूसरी घटना थाना कृष्णानगर में हुई थी उसमें भी केस दर्ज हुआ। इन दोनों घटना को पुलिस टीम, सर्विलांस टीम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नाबालिग समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। डीसीपी के मुताबिक, दोनों घटनाओं का लगभग सारा सामान, रुपये बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही इनके कब्जे से जो टूल्स थे जिससे ये लोग सटर उठाते थे, और इसके साथ ही देशी कट्टा बरामद किया है। डीसीपी टी एस सिंह ने बताया कि ये मूल रूप से छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं और यहाँ मजदूरी का काम करते थे। इनकी क्रिमनल हिस्ट्री भी है और अन्य हिस्ट्री तलाश की जा रही है। दक्षिणी पुलिस टीम ने इन दोनों घटनाओं का सफल अनावरण किया है। इसलिए गिरफ्तार करने वाली टीम को 20 हजार रुपए देने की घोषणा की गई है। इसके साथ ही डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार ने बीते दिनों पारा थाना क्षेत्र में महिला से हुई चेन स्नेचिंग का खुलासा किया है। इसमें भी एक आरोपी नाबालिग है। हालांकि, यहां भी डीसीपी ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 15 हजार रुपए देने की घोषणा की गई है।



होलिका दहन की तैयारी

### बंगाली अभिनेता पार्थसारथी का निधन

**कोलकाता,24 मार्च।** बंगाली फिल्म इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आई है। खबर है कि बंगाली अभिनेता पार्थसारथी देब का निधन हो गया है। पार्थसारथी देब ने 68 साल की उम्र में कोलकाता के एक अस्पताल में आखिरी सांस ली है जहां उनका लंबे समय से इलाज चल रहा था। अनुभवी बंगाली अभिनेता पार्थसारथी देब के मौत की जानकारी उनके परिवार ने शनिवार को देते हुए बताया कि रात 11ः50 बजे उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। अभिनेता लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे और आखिरकार उन्होंने 68 की उम्र में 22 मार्च को दम तोड़ दिया।



# दो दुकानों में आग, सिलेंडर ब्लास्ट, लाखों की क्षति

**बलौदाबाजार,24 मार्च.** शहर के मंडी रोड स्थित दो दुकानों में देर रात आग लगने लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया. वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर और वेल्डिंग दुकान में रखा सिलेंडर भी ब्लास्ट हुआ. रात होने से जनहानि तो नहीं हुई पर दोनों दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई. घटनास्थल पर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की करीब नौ टैंकरों ने अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया. घटना रात लगभग 2.30 बजे के आसपास बताई जा रही है.

हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से दुकानदार विनोद पारवानी को बड़ा झटका लगा है दुकान में रखे लगभग 30 से 40 लाख रूपये का पेंट, वार्निस, प्लास्टिक तिरपाल, जाली सहित पेंट बनाने की मशीन पूरी तरह जलकर खाक हो हो चुकी है और एक बड़ी क्षति दुकानदार को हुई है. वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर व वेल्डिंग दुकान में भी आग की लपट पहुंची. जिससे वहां रखा घरेलू गैस सिलेंडर फट गया और एक बड़ा धमाका हुआ. रात होने से धमाके से जनहानि तो नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टला गया. वहीं दुकान में रखे लगभग पांच लाख का सामान जलकर खाक हो गया है. आग लगने का कारण प्रथम दृष्टया शार्ट सर्किट बताया जा रहा है. हालांकि असल कारण जांच के बाद ही पता चल सकेगा. फिलहाल एक बड़ी जनहानि होने से बच गयी. घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. फायर स्टेशन इंचार्ज जितेन्द्र कुर्रे ने बताया कि रात लगभग 2.30 बजे घटना की सूचना मिली.

# खजाना ढूंढने निकले थे, कार के अंदर मिले तीन जले शव

**बेंगलुरु,24 मार्च.** कर्नाटक के तुमाकुरु में एक कार के अंदर तीन जले हुए शव पाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि मृतक मंगलुरु के बेलथानगाड़ी तालुक के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक उन तीनों को किसी खजाने की लालच में बुलाया गया था और फिर लूट लिया गया। इसके बाद हत्या करके एक झील किनारे कार में शव छोड़ दिए गए और कार को आग लगा दी गई। तुमाकुरु के एसपी अशोक केवी ने कहा कि जांच टीम को घटना के बारे में कई अहम सबूत मिले हैं। जल्द ही पूरे गैंग को पकड़ लिया जाएगा। बता दें कि कुचांगी गांव के पास एक झील के किनारे जली हुई कार खड़ी थी। जब तलाशी ली गई तो पता चला कि कार में तीन जले हुए शव पड़े हैं। पुलिस को आशंका है कि इन तीनों की हत्या किसी और जगह की गई थी। इसके बाद शवों को लाकर यहां छोड़ दिया गया और फिर कार में आग लगा दी गई। पुलिस का कहना है कि इस केस के बारे में काफी जानकारी मिल गई है और जल्द ही पूरा खुलासा कर दिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि यह मामला किसी छिपे हुए खजाने का है। आरोपियों ने तीनों को खजाने की लालच देकर बुलाया था। उनका कहना था कि उन्हें कोई गड़ा हुआ खजाना मिल गया है जिसमें सोने-चांदी के गहने हैं और वे सस्ती कीमत में बेचना चाहते हैं। जब पैसा लेकर ये तीनों उनसे मिलने पहुंचे तो उन्होंने पैसा लूट लिया और इनकी हत्या कर दी। पुलिस के सूत्रों का कहना है कि इस अपराध में 6 लोग शामिल थे। इनमें से तीन की पहचान भी कर ली गई है और तलाश जारी है।फरेंसिक रिपोर्ट में सामने आया है कि इनकी हत्या कहीं और की गई थी। हत्या के बाद शवों को जलाया गया और सुनसान इलाके में छोड़ दिया गया। आरोपियों को लगता था कि शवों को जला देने पर जल्दी उनकी पहचान नहीं हो पाएगी। मरनेवालों की पहचान एक ऑटो रिक्शा ड्राइवर शाहुल, आइजक और इम्तियाज के रूप में हुई है।



# 5 लोगों की डंपर से कुचल कर हत्या

**जयपुर,24 मार्च.** राजस्थान के झालावाड़ जिले में आपसी रंजिश में 5 लोगों को डंपर से कुचल दिया है। हादसे में दो सगे भाइयों सहित पांच लोगों की मौत की खबर है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। यह घटना पगारिया थाना क्षेत्र के बिन्यगा गांव की बताई जा रही है। वारदात के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पगारिया थाना क्षेत्र में दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां आपसी कहासुनी ने बड़ा विवाद का रूप ले लिया। आपसी रंजिश के बाद पगारिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने जा रहे पांच लोगों को डंपर से कुचल दिया। भवानीमंडी डीएसपी प्रेम चौधरी ने बताया कि देर रात पगारिया थाना क्षेत्र के बिन्यगा गांव में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर आपसी विवाद हो गया। इसमें से एक पक्ष के पांच लोग जिनमें दो सगे भाई भी बताए जा रहे है। उनकी डंपर से कुचल हत्या कर दी गई। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि आपसी विवाद के बाद पांचों लोग पगारिया थाने में शिकायत दर्ज करवाने जा रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने इन पर डंपर चढ़ा दिया। डीएसपी ने बताया कि फिलहाल कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के हस्तक्षेप के बाद सामाजिक मामले का पटाक्षेप

**बलौदाबाजार,24 मार्च.**पंडरिया में विगत दो दिनों से चल रहे साहू समाज की अपमान का विषय जाति विशेष के युवाओं द्वारा साहू समाज को गाली गलौज देने के बाद मामला बहुत ही गंभीर हो गया था। दो दिनों से पंडरिया कवर्धा क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ था। इसके चलते साहू समाज के द्वारा पंडरिया में चक्का जाम एवं धरना प्रदर्शन किया गया। आज 23 मार्च 2024 को छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल राम साहू के निर्देश पर प्रदेश साहू संघ के प्रतिनिधिमंडल पंडरिया पहुंच कर उक्त मामले का शांतिपूर्वक



समाधान निकाला गया। दोनों पक्षों के बीच आपसी चर्चा परिचर्चा करके पीड़ित व्यक्ति के लिखित शिकायत के आधार पर थाना में रिपोर्ट दर्ज किया गया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया साथ ही आरोपियों से माफी मंगवाया गया। दोनों युवक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे जिन्हे पार्टी से निलंबित करने की कार्यवाही जारी है।इसके पश्चात दोनों पक्षों में आपसी समझौता हुआ और वहां सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का वातावरण पुन स्थापित हुआ। प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू पूर्व विधायक स्न्ह सियाराम साहू पूर्व विधायक अशोक साहू प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू मालक राम साहू महामंत्री दया राम साहू हलधर साहू साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक पवन साहू पंडरिया तहसील के अध्यक्ष गजपाल साहू युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष जयराम साहू घनश्याम समीर साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विष्णु साहू शत्रुघ्न साहू बेमेतरा प्रार्थी जल्हू राम साहू राजिम भक्तिन माता समिति के महामंत्री रामकुमार साहू तरुण साहू सहित समाज के प्रमुख लोग उपस्थित थे। पंडरिया साहू समाज मामले का शांतिपूर्ण वातावरण में समस्या का समाधान करने में विगत दो दिनों से कवर्धा के पूर्व विधायक अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर सियाराम साहू पूर्व विधायक एवं अखिल भारतीय तालिक साहू महासभा की उपाध्यक्ष राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक साहू एवं समाज के वरिष्ठजनों की विशेष भूमिका रही।

# हिंदी भाषियों के बल पर ममता बनर्जी का किला ढहाएगी भाजपा

**कोलकाता,24 मार्च.** बंगाली बनाम नॉन बंगाली का मुद्दा पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीट पर कोई असर डाल सकता है? कभी इस मुद्दे पर घिरी तृणमूल कांग्रेस खुद मान रही है कि पश्चिम बंगाल की कई सीटों पर नॉन बंगाली हिंदी भाषी वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि ममता दीदी ने बंगाली-नॉन बंगाली का भेद मिटा दिया है। तृणमूल कांग्रेस के नेता विवेक गुप्ता का कहना है कि हिंदी भाषी वोटर पश्चिम बंगाल की कई सीटों पर असर रखते हैं। तृणमूल कांग्रेस ने इसके महत्व को समझते हुए उन पर फोकस किया है। वहीं, जानकार मानते हैं कि नॉन बंगाली हिंदी मतदाताओं का वोट अगर भाजपा की तरफ एकमुश्त गया और साथ में सीएए, राम मंदिर का मुद्दा, संदेशखाली, राज्य सरकार के खिलाफ एंटी इनकम्बेंसी या केंद्र के लिह मोदी जैसे प्रचार जमीन पर काम करते दिखे तो भाजपा राज्य की लोकसभा सीटों पर नंबर वन पार्टी भी बन सकती है। भाजपा नेता राज्य में नंबर वन बनने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा भाजपा की बड़ी ताकत है। वहीं कई मुद्दों पर घिरी तृणमूल कांग्रेस, भाजपा को ही सीधे मुकाबले में मान रही है। तृणमूल कांग्रेस के नेता विवेक गुप्ता का दावा है कि इस बार तृणमूल कांग्रेस सतर्क है उसने पिछले चुनावों की गलतियों को दुरुस्त किया है। पार्टी नेता का कहना है कि हम भाजपा के प्रचार से प्रभावित हुए बिना अपनी रणनीति और वोटर तक पहुंचने पर फोकस कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस को लग रहा है कि वह इस बार लोकसभा चुनाव में राज्य में 30 सीट तक जीत सकती है। पिछले चुनाव में उसे 22 और भाजपा को 18 सीट मिली थीं। कांग्रेस ने यहां दो सीट जीती थीं। जानकारों का कहना है कि कोलकाता के अलावा नॉर्थ 24 परगना, सिलीगुड़ी, आसनसोल, दुर्गापुर, पुरूलिया और खड़गपुर में हिंदी भाषियों की तादाद इतनी है कि वे चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। बंगाल की आबादी करीब 11 करोड़ है और इसमें करीब दो करोड़ से ज्यादा हिंदी भाषी हैं। जिनमें से करीब 72 लाख



वोटर हैं।

बंगाल की चुनावी लड़ाई में हर पार्टी हिंदी भाषियों को अपनी तरफ खींचने की कोशिश कर रही है। तृणमूल कांग्रेस का दावा है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सरकारी द?फ्तर में अमूमन होने वाले भेदभाव को ख़त्म कर दिया। वहां एनबी का टैग नॉन बंगाली के लिए लगता था और उनके कामों में रोड़ा अटकता था, अब यह प्रथा खत्म हो चुकी है। 'बंगाली गौरव' की राजनीति करने वाली ममता का रुख 2019 के लोकसभा चुनाव में कुछ अलग था। इस चुनाव के दौरान उन्होंने बयान दिया था कि जो बंगाल में रहता है, उसे बंगाली सीखनी होगी। इसके बाद भाजपा ने आरोप लगाया था कि ममता बंगाली और नॉन बंगाली लोगों को आपस में भिड़ाना चाहती हैं।बंगाल की सियासत पर नजर रखने वाले कहते हैं,'2019 के लोकसभा चुनावों में प्रदेश के हिंदी भाषी लोगों का ज्यादा वोट भाजपा की तरफ गया, लेकिन हिंदी भाषियों की अच्छी-खासी संख्या ममता समर्थक भी है।' बंगाल की कुल आबादी में करीब 15% नॉन बंगाली हैं। नॉन बंगालियों में सबसे ज्यादा हिंदी भाषी ही हैं। हिंदी भाषियों का प्रभाव इसी से पता चलता है कि कोलकाता के ज्यादातर बड़े उद्योगपति नॉन बंगाली हैं। ये राजस्थान-बिहार जैसे राज्यों से यहां आकर बसे हैं।2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद पार्टी ने पश्चिम बंगाल के हिंदी भाषियों में पैठ बनानी शुरू की। 2019 में लोकसभा में भाजपा को मिली सफलता में हिंदी भाषी वोटों का अहम योगदान माना जाता है। जानकार मानते हैं कि 2024 की लड़ाई में तस्वीर दिलचस्प है। तृणमूल कांग्रेस खुद ऊहापोह में है। एक तरफ कांग्रेस से उसका गठबंधन नहीं हो पाया। वहीं तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को सलाह दी गई है कि अधीर को छोड़कर कांग्रेस के किसी बड़े नेता के खिलाफ टिप्पणी नहीं की जाये। माना जा रहा है कि अंदर ही अंदर कुछ सीटों पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस में अंडरस्टैंडिंग भी देखने को मिल सकती है।

### हर्षित राणा को मयंक अग्रवाल को 'फ्लाइंग किस' देना पड़ा भारी

**नई दिल्ली,24 मार्च.** कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए शनिवार की रात हर्षित राणा भले ही जीत के हीरो बने हो, मगर उनकी खराब हरकतों की वजह से बीसीसीआई ने उनपर जुर्माना ठोक दिया है। हर्षित राणा ने आईपीएल 2024 के तीसरे मैच के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को फ्लाइंग किस कर सैंड-ऑफ दिया। मयंक उनकी इस हरकत से काफी नाराज नजर आए थे। फैंस एक तरफ हर्षित की बॉलिंग की तारीफ कर रहे थे, वहीं उन्हें सीनियर खिलाड़ियों की इज्जत करने का भी ज्ञान दे रहे थे। बीसीसीआई द्वारा जारी की गई प्रेस रिलीज के अनुसार, कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाज हर्षित राणा पर 23 मार्च को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी टीम के टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का कुल 60 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

एक नजर

## चाकू मारकर मोबाइल लूटने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 24 मार्च।** भिलाई वैशाली नगर थाना क्षेत्र सप्ताह पहले जवाहर नगर के कचरा दारू भट्ठी के पास एक युवक को चाकू मारकर उससे मोबाइल लूटने वाले आरोपितों में से एक को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है घटना में शामिल दो अन्य आरोपित अब भी फरार हैं जिनकी तलाश जारी है पुलिस ने दावा किया है कि बाकी के दो आरोपितों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि बीते 10 मार्च की रात को कैंप-एक मदर टेरेसा नगर निवासी सत्येंद्र चौहान मोबाइल पर बात करते हुए पैदल ही जवाहर नगर कचरा दारू भट्ठी की तरफ जा रहा था। रास्ते में तीन बदमाशों ने उसे रोका और मोबाइल छीनने लगे थे सफल न होने पर आरोपितों ने उसे चाकू मार दिया था और मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे घटना की शिकायत के बाद आरोपितों की तलाश में जुटी वैशाली नगर पुलिस ने एक आरोपित अजीत कुमार पटेल उर्फ माडल (28) निवासी जवाहर नगर विद्यालय के पास वार्ड 14 को गिरफ्तार किया है घटना के शिकार हुए सत्येंद्र चौहान ने आरोपित को देखकर उसकी पहचान की है वहीं पूछताछ में आरोपित अजीत कुमार पटेल उर्फ माडल ने भी अपने दो साथियों के साथ मिलकर लूटपाट करने की बात स्वीकार की है पुलिस बाकी के दो आरोपितों की तलाश कर रही है पुलिस का दावा है कि जल्द ही उनको भी गिरफ्तार कर लिए जाएगा आरोपित अजीत कुमार पटेल उर्फ माडल के खिलाफ लूट की धारा के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायालय पेश किया गया जहां से रिमांड पर जेल भेजा गया है।

## होली पर कानून व्यवस्था दुरुस्त

**भिलाई, 24 मार्च।** भिलाई होली पर बड़ी घटना रोकने और बदमाशों पर नकेल कसने के लिए दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने एक नई पहल की है उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि यदि उनकी नजर में कोई बदमाश चाकू लेकर घूमता नजर आता है तो उसकी पुलिस को जानकारी दें पुलिस उस बदमाश को पकड़ेगी और उसकी जानकारी देने वाले को वे खुद पुरस्कृत करेंगे। अपराध नियंत्रण में अपनी भूमिका निभाने वालों को एसपी नकद राशि इनाम में देंगे। एसपी ने आम लोगों से अपील की है वे शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्योहार मनाएं और यदि कोई बदमाश चाकू लेकर घूमता नजर आए तो उसकी पुलिस को जरूर जानकारी दें दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने होली पर कानून व्यवस्था बनाए रखने और बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं इसके तहत जिलेभर में अब तक 400 से अधिक बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की है होली पर संभावित चाकूबाजी की घटना को रोकने के लिए उन्होंने एक अपील जारी की है। एसपी ने आम लोगों से अपील की है कि यदि उन्हें यह पता चलता कि कोई व्यक्ति चाकू लेकर घूम रहा है और वह कोई गंभीर अपराध कर सकता है तो इसकी पुलिस को तत्काल की जानकारी दें पुलिस तुरंत उस बदमाश को पकड़ेगी और उसके खिलाफ कार्रवाई करेगी साथ ही सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखा जाएगा और उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि होली पर अपराध नियंत्रित करने के लिए ये पहल की गई है। आम लोगों से पुलिस की अपील है कि यदि उन्हें जानकारी लगती है कि कोई व्यक्ति चाकू, कटर, तलवार या अन्य कोई हथियार लेकर घूम रहा है तो पुलिस को जानकारी दें। इसके लिए पुलिस ने नंबर भी जारी किया है उन नंबरों पर फोन कर जानकारी दी जा सकती है जानकारी देने वालों की पहचान को गुप्त रखा जाएगा और उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा।



## संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग में राजभाषा कार्यशाला आयोजित



**भिलाई, 24 मार्च।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग में 22 मार्च को राजभाषा कार्यशाला और प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी विजय कुमार शर्मा थे। उन्होंने राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देते हुए राजभाषा के क्षेत्र में नगर सेवाएँ विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सहायक महाप्रबंधक एवं हिन्दी समन्वयन अधिकारी यशवंत कुमार साहू ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। संचालन अनुभाग अधिकारी श्रीमती सुलेखा नायक ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में कनिष्ठ अधिकारी मुकु-?द दास मानिकपुरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## चिकित्सालय में मनाया गया वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे



**भिलाई, 24 मार्च।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में विश्व ओरल हेल्थ डे मनाया गया। उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ रवींद्रनाथ एम द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनीता द्विवेदी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के ठाकुर भी उपस्थित थे। डॉ रवींद्रनाथ एम और डॉ प्रमोद बिनायके ने ओरल हाइजीन के बारे में जन जागरूकता में सुधार के लिए ऐसे कार्यक्रमों के महत्व और उसकी आवश्यकता पर जोर दिया।

# शांति व्यवस्था बनाये रखने वार्डों, मोहल्लों चौराहों और बाजारों में फ्लैग मार्च

- होली में जिले के समस्त चौक-चौराहों आदि में होगी पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था
- 45 पार्टी जिले भर में लगातार करेंगी पेट्रोलिंग
- असामाजिक तत्वों की खैर नहीं, होगी सख्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 24 मार्च।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल के मार्गदर्शन में आज दिनांक-23.03.2024 को होली ड्यूटी पर तैनात रहने वाले जवानों को थाना सिटी कोतवाली में ब्रेफिंग कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया। उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने तथा किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारी गणों को अवगत कराने कहा गया ताकि समय पर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया जा सके साथ ही जानकारी दिया गया कि अलग-अलग चौक चौराहों पर पुलिस व्यवस्था लगाई गई है। महत्वपूर्ण स्थानों पर पेट्रोलिंग वाहन लगातार पेट्रोलिंग करते रहेंगे, शहर को सुरक्षा के दृष्टिकोण से पांच भागों में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है। पूरे जिले में कुल 45 पेट्रोलिंग वाहन लगातार पेट्रोलिंग करेंगे, सभी को अपने कर्तव्यों का पूर्णता निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करने कहा गया है, साथ ही डायल 112 के अधिकारी जवानों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा गया, कि सभी अपने ई.आर.वी वाहन पर मौजूद रहेंगे, तथा किसी भी प्रकार का इवेंट प्राप्त होता है, तो बिना विलंब के जल्द से जल्द घटनास्थल पर पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारी गणों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदान कर शाम 6ः00 बजे थाना कोतवाली परिसर से समस्त अधिकारी एवं जवानों के साथ शहर में फ्लैग मार्च निकालकर आम जनों को होली का त्यौहार शांति पूर्ण एवं सद्भावना से मनाने की अपील की गई। फ्लैग मार्च थाना कोतवाली से भारत माता चौक, राजमहल चौक, शहीद कौशल चौक, बूढ़ा महादेव, गुप्ता पारा, सकरहा घाट, खेड़ापति हनुमान मंदिर, बक्शी नर्सिंग होम, मिनीमाता चौक, ठाकुरपारा, दर्रीपारा, ठाकुर देव चौक, नवीन मार्केट, गुरुनानक चौक, मेन मार्केट, सराफा लाइन, करपात्री चौक, पैठू पारा, राधा कृष्णा वार्ड, हैदर चौक, एकता चौक, सिग्नल चौक, पूर्व सीएम हाउस, रेवा बन्द तालाब, लोहारा नाका, कैलाश नगर, रामनगर, शिक्षक नगर, श्याम नगर, गंगानगर, कालेज ग्राउंड, आदर्श नगर, शिव मंदिर देवारपारा, लोहारा नाका, सिग्नल चौक होते हुए शहर के विभिन्न इलाकों में कबीरधाम पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया।इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह बघेल, उप. पुलिस अधीक्षक(आजाक) प्रतीक चतुर्वेदी, रक्षित निरीक्षक यातायात प्रभारी प्रवीण खालको, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक लालजी सिन्हा एवं कबीरधाम पुलिस के अधिकारी जवान अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

## लोहिया का आदर्शवाद आज की जरूरत : चौबे



**भिलाई, 24 मार्च । प्रखर** चिंतक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया की 115 वीं जयंती पर परिचर्चा का आयोजन शनिवार की सुबह लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान रूआबांधा सेक्टर एचएससीएल कॉलोनी में किया गया। परिचर्चा का विषय नेहरू-लोहिया और वर्तमान समय की चुनौतियां रखा गया था। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रदीप चौबे थे और अध्यक्षता एचएमएस के महामंत्री प्रमोद मिश्रा ने की। शुरुआत में डॉ. राम मनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ ही अमर क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के बलिदान का स्मरण भी किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रदीप चौबे ने कहा कि आज भी देश में ऐसे लोग मौजूद हैं जो किसी भी तानाशाही और गैर लोकतांत्रिक कदम को अच्छी तरह समझ रहे हैं और इसे रोकने के लिए आगे आ रहे हैं। यह लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि स्व. राम मनोहर लोहिया ने जीते जी अपना जन्मदिन मनाने से अपने साथियों को हमेशा मना किया क्योंकि यह दिन भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव की शहादत का दिन है लेकिन व्यक्ति पूजा के हमारे देश में गांधी, लोहिया और जयप्रकाश के गुजरने के बाद उनके आदर्शों को याद करने उनकी जयंती-पुण्यतिथि को हमने एक माध्यम बनाया है। उन्होंने कहा कि लोहिया और नेहरू दोनों ही गांधी के अन्यतम शिष्य थे और जिस दिन महात्मा गांधी की हत्या की गई उस दिन बुलावे पर लोहिया अपने घर से महात्मा गांधी से मिलने ही निकले थे लेकिन रास्ते में ही उनको खबर लगी कि महात्मा गांधी की हत्या कर दी गई है। इसके बाद लोहिया जिंदगी भर महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते रहे इसी तरह नेहरू ने भी हमेशा गांधी का ही रास्ता चुना। अध्यक्षता कर रहे एचएमएस के महामंत्री प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि मौजूदा दौर में विपक्ष को लगातार कमजोर किया जा रहा है। प्रतिष्ठान की ओर से अध्यक्ष आरपी शर्मा ने कहा कि हम क्या थे और क्या हो गए? 15 लाख नगद और 2 करोड़ नौकरी के चक्कर में आज हमारी यह स्थिति है। 80 करोड़ लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज हमारे देश की दुर्दशा को बयां करती है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत देश को लोहिया के आदर्शवाद को अपनाने की है। मौके पर समाजवादी जनता पार्टी (चंद्रशेखर) के प्रदेश महासचिव नंदकिशोर साहू, कपिल देव प्रसाद, जीवन नंदन राय, डीपी सिंह, शिवकुमार प्रसाद, त्रिलोक सिंह, त्रिलोक मिश्रा, सत्यनारायण गुप्ता, मिश्री राम रजक, त्रिभुवन मिश्रा और बीएम सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## बाजार क्षेत्र में ट्रांसफार्मर घेर कर अवैध दुकान हटाया गया

**भिलाई, 24 मार्च ।** नगर पालिक निगम भिलाई का राजस्व अमला शहर के बाजार क्षेत्र का त्यौहार में व्यवस्था को सुगम बनाने पुलिस के साथ निरीक्षण किया। इसीदौरान जोन 3 का राजस्व विभाग शीतला काम्पलेक्स पावरहाउस नंदिनी रोडपहुँचा तो देखा कि एक व्यवसायी द्वारा विद्युत ट्रांसफार्मर को घेरकररंग गुलाल की दुकान अवैध तरीके से लगा रखा है। जिसकी शिकायत भी मिला थीटीम ने विद्युत ट्रांसफार्मर को मुक्त कराते हुए अवैध दुकान हटवा। इसअवसर पर राजस्व विभाग जोन 3 की टीम एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

## सफाई व्यवस्था को खराब करने वालों पर करें सख्त कार्रवाई : कमिश्नर



**भिलाई, 24 मार्च ।** शनिवार को राम मंदिर भिलाई 03 के समीप अपने दैनिक विजिट के तौर पर पहुंचे निगम कमिश्नर डी. एस. राजपूत द्वारा दुकानों और होटलों के बाहर पड़ी बिखरी कचरा सामग्री पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। यहा बता दे कि नियमित

एवं निरंतर रूप से निगम सफाई विभाग द्वारा कचरा संग्रहण किये जाने के

अलावा प्रतिदिन दुकानों के सामने रखे डस्टबिन से भी अनुपयोगी सामग्री कलेक्ट करने की कवायद की जाती है। स्वच्छता और सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने नियमित कार्यरत कर्मचारियों के अलावा स्वच्छता दीदी एवं स्वच्छता कंमाडो के रूप में भी निगम का स्वास्थ्य सफाई विभाग शहर को गंदगी और कचरे से मुक्त करने कार्यरत है। इसके पश्चात भी ठेला संचालकों, पान दुकान, होटल एवं नाश्ता दुकान चलाने वालों के द्वारा रोड पर कचरा डंप करने से अव्यवस्था फैलती है ऐसे सभी कचरा फैलाने वालों पर कड़ी एवं चलानी कार्यवाही करने के निर्देश निगम कमिश्नरद्वारा मौके पर मौजूद विभागीय कर्मचारियों को प्रदान किए है।

## कमिश्नर डीएस राजपूत ने दी होली की शुभकामनाएं

भिलाई। कमिश्नर डी. एस. राजपूत ने सुरक्षित और शांतिपूर्ण रूप से होलीत्यौहार मनाने की अपील करते हुए। भिलाई चरोदा क्षेत्र के नागरिकों को दीत्यौहार की अग्रिम शुभकामना।

नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा कमिश्नर डी. एस.राजपूत द्वारा आज शनिवार अपने दैनिक नगर भ्रमण के बीच चर्चा के दौरानसमस्त क्षेत्रवासियों को होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी है। साथ हीसभी से शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित रहकर इस पर्व को मनाने काआग्रह किया है। इसी बीच शनिवार को निगम कार्यालय में निगम के कर्मचारियों द्वारा आपस में रंग-गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी गयी। कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, स्टेनोंचेतन देवांगन, निर्वाचन लिपिक तोरण चंद्राकर, सहायक लेखाधिकारी लिंगेश्वरराव, उपअभियंता मुकेश रात्रे, लेखापाल रामनिवास पाल, स्टोर इंचार्ज सुरेशनासरे के अलावा अविनाश चंद्राकर, दीपक निषाद, सत्यजीत नायक, चुम्मन साहू

सोनूदास मानिकपुरी एवं अन्य कर्मचारी इस दौरान उपस्थित रहे है।

# शराब पीकर चलाते पाये जाने पर 12 वाहनों को किया गया जब्त



**भिलाई, 24 मार्च ।** पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा आगामी 25 मार्चको होली त्योहार को देखते हुए एवं रात्रि के समय सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण शराब सेवन कर वाहन चलाना पर अंकुश लगाने हेतु यातायात पुलिस को दिये गये सख्त निर्देश के परिपालन पर सतीश ठाकुर, सतानंद विध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक, यातायात के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा कल दिनांक को सायं 06 बजे से रात्रि 12 बजे तक जिले के अंतर्गत 10 फिक्स पॉइंट बनाकर शराब पीकर वाहन चलाने वाले की विरूद्ध विशेष अभियान कार्यवाही की गई चेकिंग के दौरान वाहन चालक को ब्रीथ एनेलाइजर मशीन से चेक करने पर 12 वाहन चालक शराब सेवन करना पाया गया जिसे वाहन जब्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु आज दिनांक को न्यायालय पेश किया गया जिस पर न्यायालय द्वारा प्रत्येक वाहनचालक पर 10,000-10.000/-रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया और साथ ही परिवहन विभाग को संबंधित वाहन चालक का लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्यवाहीकरने हेतु निर्देशित किया गया। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा बनाए गए 26 फिक्स पाइंट पर आज दिनांक से वाहनों की चेकिंग प्रारंभ की जाएगी जो भी वाहन चालक शराब सेवन करना पाया गया उसका वाहन दिनांक 26 मार्च को न्यायालय प्रस्तुत किया जाएगा साथ ही मॉडिफाइड साइलेंसर हुडदंग करने वाले वाहन चालक, तीन सवारी, बिना नंबर, ब्लेक फिल्म वाले वाहन भी जब्त किये जायेगें।

## ईव्हीएम का प्रथम रेण्डमाईजेशन

कांकेर, 24 मार्च। लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का प्रथम रैण्डमाईजेशन 27 मार्च को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल ने बताया कि इसके पश्चात् 28 एवं 29 मार्च 2024 को विधानसभावार प्रथम यादि्च्छकीकरण (रेण्डमाईजेशन) किए गए मशीनों को ईएमएस साफ्टवेयर में स्कैन कर पृथक करने हेतु प्रातः 10 बजे वेयर हाऊस खोला जाएगा। उन्होंने बताया कि पॉलीटेक्नीक कॉलेज नाथियानवागांव में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों को पृथक-पृथक करने एवं वेयरहाउस को खोलने एवं बंद करने की प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया है। कांकेर, 24 मार्च । भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर, पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं। जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है।



## पुलिस चौकी पोंडी में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**कवर्धा, 24 मार्च।** पोड़ी पुलिस चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान ने शनिवार की पुलिस चौकी के प्रांगण में शाम को जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नागरिकों और समाज के प्रमुख सदस्यों और नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक की जिसका मुख्य उद्देश्य लोग शांति पूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में अच्छे से होली मनाए।





**भिलाई 24 मार्च।** भिलाई होली के मद्देनजर दुर्ग जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने गुंडा बदमाशोंनिगरानी बदमाशों व बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है उक्त निर्देश के परिपालन में 20 से लेकर 27 गुंडा व निगरानी बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई हैअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( शहर ) सुखनंदन सिंह राठौर व छावनी सीएसपी हरिश पाटिल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी छावनी के नेतृत्व में छावनी पुलिस ने क्षेत्र में सोनू उर्फ मोटा निर्भय राम मारकण्डेय उमेश शाह, निखिल जायसवाल, शुभम साहू, राजेश बाग, के राजा, संस्कार कुमार, कोमल सिन्हा. संजय सिंह राजू राय, एस. कमल, एन अखिल, बंदी दीप, एस राजेश, सुखदेव छुरा, एस.आकाश, डोमेंद्र कुमार साहू, मिराज आलम, अजय बैरागी, विश्वजीत सिंह, एस. राजेश, ए. रफीक, डोमन साहू, सुरेश सिंह व कमल निर्मलकर के विरूद्ध थाना छावनीमें प्रतिबंधात्मक धारा 151/107,116 (3) के तहत इस्तागाशा तैयार कर गिरफ्तार किया है आरोपितों कोगिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई न्यायालय पेश किया गया, जहां न्यायालय ने सभी आरोपितों को जेल भेज दिया ।

## ग्राम महकाकला में नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



भिलाई, 24 मार्च । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आदर्श इस्पात ग्राम महकाकला में किया गया। शिविर में कुल 22 लोगों की जांच की गई जिसमें ग्रामवासी स्वस्थ पाए गए। लाभान्वित ग्रामवासियों में 16 महिला, 2 पुरुष एवं 4 बच्चे सम्मिलित थे। इस शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। शिविर में चिकित्सक श्रीमती सरस्वती एवं भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय के अन्य स्टाफ शामिल थे।

## सिंटर संयंत्र-3 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन



**भिलाई, 24 मार्च ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन 21 मार्च को किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दास गुप्ता थे। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्त द्वारा की गई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एवं प्रभारी एम आर के शरीफ, महाप्रबंधक एवं प्रभारी जागेंद्र कुमार के साथ-साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। समापन कार्यक्रम के दौरान उप महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी राजेश देवांगन द्वारा, लिखित एवं निर्देशित लघु नाटक सुरक्षा घर से घर तक का प्रदर्शन किया गया।

## भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी विभाग में बेल्ट कन्वेयर का उद्घाटन



**भिलाई, 24 मार्च ।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी विभाग में बेल्ट कन्वेयर के उद्घाटन ने सामग्री प्रबंधन दक्षता में एक महत्वपूर्ण प्रगति को चिह्नित किया। कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित समारोह में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक एस के गजभिये, मुख्य महाप्रबंधक एच के पाठक, महाप्रबंधक ए के सिंह, महाप्रबंधक एम हुसैन और महाप्रबंधक एन जी हलदर सहित विभिन्न कार्मिक सम्मिलित थे।

# 10 सेवाओं को अधिसूचित कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की दी गई सुविधा

- अपर कलेक्टर ने बैठक में मतदान सुविधा के संबंध में दी जानकारी
- कर्मियों को प्रारूप 12 घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के 5 दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष करना होगा आवेदन प्रस्तुत
- द्वितीय चरण में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 28 मार्च एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल



**राजनांदगांव 24 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने आज कलेक्टोरेट के अपर कलेक्टर कक्ष में अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, प्राधिकार प्राप्त मीडियाकर्मी, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान करने के संबंध में जानकारी दी। अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य सेवाओं के रूप में 10 सेवाओं को अधिसूचित किया गया है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, ऐसे मीडियाकर्मी जिन्हें प्राधिकार पत्र जारी हुआ है, रेल परिवहन, बीएसएनएल, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भारतीय खाद्य निगम को अनिवार्य सेवाओं के रूप में अधिसूचित किया गया है। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से ऐसे कर्मचारी जो शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान की तिथि को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12 घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के 5 दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन तीन चरणों में होगा। प्रथम चरण में बस्तर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 20 मार्च 2024 एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2024 है। द्वितीय चरण में राजनांदगांव, कांकेर एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 28 मार्च 2024 एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2024 है। तृतीय चरण में सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-जांपा, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अधिसूचना 12 अप्रैल एवं प्रारूप 12 घ में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2024 है। प्रारूप 12घ में आवेदन के दौरान संबंधित कर्मचारी का मोबाईल नंबर, वोटर आईडी नंबर एवं निर्वाचक नामावली की भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही दर्ज करना अनिवार्य है। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी का अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाईन एप्प का उपयोग किया जा सकता है। जिसमें वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। प्रारूप 12घ के भाग 1 के साथ-साथ जिला स्तर पर नियुक्त विभाग के नोडल अधिकारी द्वारा इस आवेदन को भाग 2 में सत्यापित किया जाएगा। आवेदन के साथ कर्मचारी का वोटर आईडी कार्ड का छायाप्रति भी संलग्न करना होगा। नियत तिथि तक प्राप्त होने वाले सभी पात्र आवेदनों के आधार पर जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर इनका डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान, मतदान दिवस के पूर्व ही करवाया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किये गये तीन दिन लगातार सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संचालित किया जाएगा।

अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय ने बताया कि सभी कर्मचारी जो प्रारूप 12घ में आवेदन करेंगे एवं पात्र पाये जायेंगे, वह केवल डाक मतपत्र के माध्यम से पोस्टल वोटिंग सेंटर में ही मतदान कर सकेंगे। उन्हें किसी भी परिस्थिति में मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र पर वोटिंग की पात्रता नहीं होगी। जो भी व्यक्ति प्रारूप 12घ में आवेदन करेंगे, उन्हें जिले में स्थापित पोस्टल वोटिंग सेंटर पर ही मतदान की व्यवस्था से अवगत कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर में मतदान हेतु नहीं जा सकने पर वे अपने मतदान के अधिकार से वंचित हो जायेंगे। उन्हें मतदान केन्द्र पर मतदान दिवस को अपना मत दर्ज करने की पात्रता नहीं होगी। इसलिए जो व्यक्ति मतदान दिवस को मतदान केन्द्र पर जाकर अपना वोट डालने हेतु सक्षम होंगे, उनसे प्रारूप 12घ नहीं भरवाये जायेंगे। जिला स्तर पर अधिसूचित अनिवार्य सेवाओं के नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी एवं यथा शीघ्र पात्र व्यक्तियों के आवेदन प्राप्त कर इसे जिले में डाक मतपत्र हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों को प्रदाय की जाएगी। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण श्री बीएल ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. तुलावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### डोगेन्द्र खरे आईआईटी-जैम की परीक्षा रसायन शास्त्र विषय में उत्तीर्ण



**अंवरी 24 मार्च।** महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के होनहार छात्र डोगेन्द्र खरे ने प्रतिष्ठित आईआईटी-जैम की परीक्षा रसायन शास्त्र विषय में उत्तीर्ण कर महाविद्यालय के साथ साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के पश्चात ये एमएससी करने के लिए आईआईटी व एनआईटी में प्रवेश ले सकते हैं। इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. संजय शर्मा ने छात्र को भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। डोगेन्द्र ने इसका श्रेय रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष श्री हरविंदर सिंह कुर्रे, माता-पिता व महाविद्यालय परिवार को दी है। ज्ञात हो कि महाविद्यालय के रसायन शास्त्र विभाग के द्वारा प्राचार्य के मार्गदर्शन में आईआईटी व सीयूईटी की परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। एक छोटे से गांव डाही के किसान परिवार के डोगेन्द्र की इस सफलता से अन्य छात्र भी भविष्य के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

### गोंड समाज का होली मिलन व शपथ ग्रहण 29 मार्च को

**अंवरी 24 मार्च।** कुरुद गोंड समाज विकास समिति जिला धमतरी का होली मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह 29 मार्च को आदिशक्ति मां अंगार मोती ट्रस्ट गंगरेल के सभा हाल परिसर में 29 मार्च को जिला गोड़ समाज का होली मिलन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम सुबह 11-00 से आयोजित किया गया है ।जिले के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को जिला गोड़ समाज के संरक्षक जीवराखन लाल मरई शपथ दिलाएंगे जिले के सामाजिक बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील सचिव उदय नेताम ने की है।

### फूलों की होली खेलकर देंगे पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रायपुर 24 मार्च।** फूलो से निर्मित 500 किलों गुलाल की होली खेलकर देंगे पर्यावरण संरक्षण का संदेश होली के पूर्व संध्या टिकरापारा में आज होली मिलन और फाग महोत्सव नगाड़े की थाप में थिरकेंगे रायपुरियन छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति है फाग - प्रदीप उत्साह - उमंग और भाईचारा का महान पर्व है होली - प्रदीप रायपुर, छत्तीसगढ़, दिनांक 22 मार्च 2024। प्रदीप साहू फैंस क्लब के द्वारा प्रतिवर्षानुसार टिकरापारा, रायपुर, छत्तीसगढ़ में होली के पूर्व संध्या होली मिलन फाग महोत्सव का आयोजन संध्या 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया गया है । आयोजक प्रदीप साहू ने कहा होली में गाया जाने वाला फाग गीत छत्तीसगढ़ की प्राचीन संस्कृति है, जिसमें प्रकृति की सुंदरता और राधा कृष्ण प्रेम वर्णन लोकगीत के माध्यम से किया जाता है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के युवा आपसी गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे को गले लगाकर फूलों से निर्मित 500 किलों गुलाल की होली खेलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे । इसके अतिरिक्त नगाड़े की थाप में युवा थिरकेंगे होली के रंग में रंगते हुए उत्साह और उमंग के साथ होली मिलन मनाएंगे । इस अवसर में कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध फाग मंडली स्वर श्रृंगार मनोज साहू की मनमोहक प्रस्तुति होगी ।

### जिला चिकित्सालय दुर्ग में राष्ट्रीय दल ने किया मूल्यांकन

**दुर्ग 24 मार्च।** जिला चिकित्सालय दुर्ग में राष्ट्रीय दल द्वारा विगत 20 एवं 21 मार्च 2024 को दो दिवसीय राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक कार्यक्रम अंतर्गत मूल्यांकन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. ए.के.साहू के अनुसार जिला चिकित्सालय के कुल 18 विभाग इस कार्यक्रम अंतर्गत पूर्व से ही 3 वर्षो के लिए क्वालिटी सर्टिफाइड है। यह मूल्यांकन नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर दिल्ली के नेशनल एसेसर डॉ.दीपक नामदेव एवं डॉ. श्रीनिवास श्रीराम द्वारा किया गया। 2 दिनों तक अस्पताल के ओ.पी.डी., कैजुअल्टी, आई.पी.डी., लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर, शिशु वार्ड, नवजात गहन चिकित्सा इकाई एवं फार्मेसी का गहन मूल्यांकन किया गया। दिल्ली से आए सदस्यों द्वारा बताया गया की यह मूल्यांकन एनक्यूएएस के रूटीन मूल्यांकन से अलग है जो की पहले से सर्टिफाइड फैसिलिटी का सर्प्राइज तौर पर बिना बताए किया जाता है। जिसमे 90 प्रतिशत संस्थाएं सफल नही हो पाता परंतु जिला चिकित्सालय में दी जाने वाली सेवाए गुणवत्तापूर्ण एवं काफी अच्छी है। एसेसर में यह भी बताया कि जिला चिकित्सालय दुर्ग में दी जाने वाली सेवाएं प्रदेश के अन्य चिकित्सालयों के लिए एक बेंचमार्क सेट कर रही है पूरे प्रदेश में जिला चिकित्सालय दुर्ग रोल मॉडल की तरह कार्य कर रहा है, पूरे मूल्यांकन के दौरान सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरूण कुमार साहू एवं आर.एम.ओ. सह अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश यादव के नेतृत्व में सभी विभागों के विभागाध्यक्षों एवं वार्ड / नर्सिंग इंचार्ज की पूरी टीम द्वारा सफलतापूर्वक करवाया गया जिसमे प्रत्येक विभाग के 8 अलग अलग क्षेत्रों का काफी गहन मूल्यांकन किया गया है।

### होली: शांति व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों की कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ड्यूटी लगाई गई

**दुर्ग 24 मार्च।** होली त्योहार के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु ए.डी.एम. श्री अरविन्द एक्का द्वारा अधिकारियों की कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार श्री मुकेश रावटे अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग को अनुभाग दुर्ग ग्रामीण/शहर अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्र, श्री प्रफुल्ल कुमार गुप्ता तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। श्री पवन ठाकुर, अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य, मजि. दुर्ग को अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। श्री गुरुदत्त पंचभाये, अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्य. मजि. भिलाई नगर को . अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। श्री ढालसिंह बिसेन, नायब तहसीलदार एवं कार्य, मजि दुर्ग को. अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे। श्री दीपक निकुंज, अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन को अनुविभाग पाटन के अन्तर्गत समस्त थाना क्षेत्र, श्री उत्तम कुमार ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी तहसीलदार एवं कार्य, मजि. पाटन को अनुविभागीय दण्डाधिकारी पाटन के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करेंगे।

## निर्वाचन कार्य में लगे सभी दल आपसी समन्वय से करें कार्य: कलेक्टर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 मार्च ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 की निगरानी के लिए आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उडऩदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, लेखाकरण दल एवं सहायक व्यय प्रेक्षक का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने कहा कि पारदर्शी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न कराना प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में धनबल, बाहुबल एवं दबाव जैसी गतिविधि नहीं होनी चाहिए इसे नियंत्रण करने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी के निर्वाचन व्यय की सीमा 95 लाख रूपए निर्धारित है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि एफएसटी एवं एसएसटी दल अच्छे से अपने कर्तव्य निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन का कार्य व्यापक है सभी दल आपसी समन्वय एवं सहयोग से कार्य करेंगे। सभी दलों का आपस में कनेक्शन होना चाहिए, ताकि निर्वाचन कार्य किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में तैनात टीम को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की भलीभांति जानकारी होनी चाहिए, जिससे कार्य करने एवं निर्णय लेने में आसानी होगी। कलेक्टर ने कहा कि सभी दल समय पर निर्वाचन कार्य में उपस्थित रहेंगे। इसमें लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फील्ड में अपना व्यवहार संतुलित रखेंगे। आने-जाने वाले वाहनों की नियमित जांच करेंगे। उन्होंने कहा कि वाहनों की जांच के दौरान जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए यह सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्वाचन से संबंधित कोई गतिविधि संदिग्ध पाये जाने पर उसकी जांच जरूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने वाले प्रत्येक गतिविधियों की वीडियोग्राफी अच्छे से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में रिश्वत देने के उद्देश्य से धमकी, शराब, हथियार सहित अन्य संदिग्ध सामग्री की आवाजाही और बड़ी मात्रा में नकदी की सभी शिकायतों पर ध्यान रखें। उन्होंने राजनीतिक दलों द्वारा किए जाने वाले सभी प्रमुख खर्चों की वीडियोग्राफी अच्छे से करने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, जिला कोषालय अधिकारी श्री दिलीप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सेक्टर अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 24 मार्च** ।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी के संबंध में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारी एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए, पहले से ही पूर्व तैयारी रखें। निर्वाचन कार्य की जिम्मेदारी सावधानीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि मतदान केन्द्रों का पुन- अवलोकन कर लें और सारी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों ने अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का अवलोकन नहीं किया है, वे शीघ्र अवलोकन कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के सुचारू संचालन के लिए ज्यादा से ज्यादा भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी होनी चाहिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, एसडीएम श्री अतुल विश्वकर्मा सहित सभी सेक्टर अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में सभी सेक्टर आफिसर्स को ईवीएम और वीवीपैट के तकनीकी पक्षों के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से पूरी जानकारी दी गई। इसकी प्रशासनिक प्रक्रिया, प्रोटोकॉल के बारे में बताया गया। इसके साथ ही मतदान दलों को भी इस संबंध में अद्यतन रखने कहा गया। बैठक में बताया गया कि मॉक पोल आदि की प्रक्रियाओं के बारे में पूरी जानकारी रखें। सेक्टर आफिसर्स को पूरी तरह तकनीकी रूप से दक्ष होना चाहिए। ईवीएम एवं वीवीपैट, बैलेट यूनिट, बैलेट पेपर के तकनीकी को बारीकी से समझाया गया। जिससे मतदान करते समय किसी प्रकार की समस्या न हो।



## अपने मतों का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए अवश्य करें

# हर जवाबदार नागरिक का फर्ज शत-प्रतिशत हो मतदान: विजेन्द्र सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 24 मार्च।** विधानसभा क्षेत्र के जागरूक नागरिक होने के नाते विजेंद्र सिंह ठाकुर ने आम मतदाताओं से अपील की है कि वह अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें जिससे सत प्रतिशत मतदान हो सके



विजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा लोकतंत्र के सबसे बड़े महापर्व के समय हम सभी मतदाताओं को अपने मतों का उपयोग करना चाहिए हम सब का यहां प्रयास होना चाहिए यदि हमारे घर में पांच वोट है तो पांच का पांच वोट देश के विकास के लिए देश के उत्थान के लिए देश की अखंडता के लिए हो हम सबको मतदान अवश्य करना चाहिए लोकतंत्र के यह महापर्व पर हम सब अपने मोहल्ले अपने कस्बे व शहर, ग्रामीण क्षेत्र के बूथ पर यह पूरा प्रयास करें कि प्रत्येक व्यक्ति लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेते हुए अपना मतदान अवश्य करें हम सब का यह प्रयास होना चाहिए कि सत प्रतिशत मतदान हो जिसके लिए हम बहुत जल्द मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर अपने क्षेत्र में जुड़ जाए जिसमें हर देश का जागरूक नागरिक हमसे जुड़ सकता है और प्रत्येक बूथ व ग्रामीण क्षेत्रों पर मिलकर हम प्रत्येक मतदाताओं को जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे शासन प्रशासन हमेशा से ही मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रचार प्रसार के माध्यम से जागरूकता अभियान चलती रही है हम सब भी देश के जागरूक नागरिक बनते हुए इस लोकतंत्र के महापर्व में किस प्रकार से सत प्रतिशत मतदान हो इस पर ध्यान देते हुए अपने आसपास के लोगों को जागरूक करें जिससे एक दूसरे को जागरूक करने से निश्चित ही सत प्रतिशत मतदान की ओर हमारा देश हमारा प्रदेश हमारा नगर हमारा बूथ आगे बढ़ेगा हम सब होली के महापर्व के बाद लगातार छोटे-छोटे टुकड़ों में इकट्ठा होकर प्रत्येक बूथों पर प्रत्येक पंचायत तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करें एक दूसरे का साथ से ही हम निश्चित ही सत प्रतिशत मतदान की ओर आगे बढ़ेंगे पूर्व में लोकसभा चुनाव के समय विधानसभा चुनाव के समय मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हम सभी ने मिलकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया था जिसका परिणाम हमें देखने को भी मिला कहीं 72त्न तो कहीं 76त्न मतदानहुए लगातार मतदान का प्रतिशत बढ़ता ही जा रहा है अब हम सब का लक्ष्य सत प्रतिशत मतदान की ओर होना चाहिए हमारा प्रयास हो की एक भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे हो सके तो हम उसे मतदान स्थल तक पहुंचने में उसकी मदद करें दूर-दराज निवास करने वाले लोगों से संपर्क कर उनसे आग्रह करें कि वह मतदान अवश्य करें हम सबको लोकतंत्र में भाग लेने का पूरा अधिकार है और हम सब अपने-अपने मतों का उपयोग राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक करें।

## समाचार संक्षेप

### क्रूस यात्रा महासमारोह का आयोजन संपन्न



**डोंगरगढ़ 24 मार्च।** कैथोलिक चर्च डोंगरगढ़ के तत्वाधान 22 मार्च दिन शुक्रवार को कलवारी पहाड़ डोंगरगढ़ में क्रूस यात्रा महासमारोह का आयोजन किया गया । मुख्य अनुष्ठान दाता के रूप में रायपुर महा धर्म प्रान्त के महाधर्माध्यक्ष विक्टर हेनरी उपस्थित थे । सचिव सेवियर फिलिप ने बताया कि प्रभु येसु के बलिदान की याद में गुडफ्राइडे के एक सप्ताह पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के साथ साथ विभिन्न प्रदेशो से विश्वासी गण सामूहिक रूप कलवारी पहाड़ में उपस्थित होते हैं तथा सामूहिक रूप से क्रूस का रास्ता एवम प्राथना सभा होती है । इस वर्ष उक्त कार्यक्रम में लगभग 7 हजार लोग उपस्थित हुए ।

### अवैध रेत भंडारण पर कार्रवाई, परिवहन में प्रयुक्त हाइवा वाहन जब्त किया



**अंवरी 24 मार्च।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में लगातार अवैध रेत खनन और अवैध भंडारण पर गौण खनिज प्रभारी ज्योति सिंह के द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है7 नायब तहसीलदार ज्योति सिंह ने कुंडेल में 4 हाइवा 1 जेसीबी मशीन अवैध परिवहन करते जब्त किया गया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक में कुंडेल में 194 हाइवा अवैध भंडारण रेत जब्त किया गया था। रेत भंडारण हेतु विभागीय अनुमति नहीं लिया गया था।जिसके कारण अवैध भंडारण पर कार्यवाही कर परिवहन में प्रयुक्त 4 हाइवा क्रमांक CG 07,CR-4135,CG-07 C-4569 सहित दो अन्य हाइवा वाहन और जेसीबी मशीन को जप्ति कार्यवाही कर सरपंच को सुपुर्द किया गया है।उक्त कार्यवाही में राजस्व विभाग की टीम का सहयोग रहा।

### जिला पंचायत सीईओ ने ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने के दिए निर्देश




**राजनांदगांव 24 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से जनपद पंचायत डोंगरगांव में स्वीप मतदाता जागरूकता एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुश्री सुरूचि सिंह की उपस्थित में होली के रंग मतदान के संग नारे के साथ चुनावी फाग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने सचिवों को मतदाता शपथ दिलाई एवं सभी को स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने अपील की। उन्होंने स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत 3 से 9 अप्रैल तक सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित स्वीप संगोष्ठी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को संगोष्ठी के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने, लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताने तथा ग्रामीणों को मतदाता शपथ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने वोटर अवेयरनेस ग्रुप का गठन कर मतदान के लिए प्रेरित करने कहा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत रैली, दीवाल लेखन, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, पेंटिंग, चित्रकला, मशाल व कैंडिल मार्च जैसे कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को मतदान करने हेतु संकल्पित व प्रेरित करने निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम डोंगरगांव श्री मनोज कुमार मरकाम, सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव श्री नवीन कुमार, एबीईओ डोंगरगांव सुश्री रश्मि ठाकुर, एपीओ श्री भगवती साहू, श्री होरीलाल, श्री देवेंद्र गोस्वामी, करारोपण अधिकारी श्री वीरेंद्र तिवारी, श्री ओपी जैन, संकुल समन्वयक कोकपुर श्री राहुल जैन सहित सचिव उपस्थित थे।

### खैरागढ़ एवं छुईखदान क्षेत्र से 17 नग दोपहिया वाहन जब्त

**खैरागढ़ 24 मार्च।** दिनांक 22मार्च फरवरी 2024 को जिले के पुलिस कप्तान त्रिलोक बंसल (आईपीएस) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पांडे के दिशा निर्देश पर होली त्यौहार में शराब पीकर वाहन ,तीन सवारी, रफ ड्राइविंग,मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहन चलाते पाए जाने वाले व यातायात नियमों का पालन नहीं करने से सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु और गंभीर चोट एवं अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु जिले के सभी थानों एवम यातायात शाखा को सख्त दिशा निर्देश प्राप्त हुआ था जिसके परिपालन में जिले के यातायात शाखा प्रभारी शक्ति सिंह के नेतृत्व में यातायात स्टाफ के द्वारा खैरागढ़ एवं छुई खदान क्षेत्र में चेकिंग पॉइंट लगाकर मोटर व्हीकल एक्ट कार्रवाई किए जाने के दौरान कुल 05 व्यक्तियों को शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने से उनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 की कार्यवाही के साथ ही अन्य मामलों में कुल मोटर व्हीकल एक्ट की 23 कार्यवाही की गई जिसमें कुल 17 नग दो पहिया वाहन को जप्त किया गया है, जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा तत्पश्चात उनके लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी की जाएगी, पुलिस अधीक्षक श्री त्रिलोक बंसल के द्वारा आम जनता से होली त्यौहार को शांतिपूर्वक एवं सौहार्द पूर्वक एवं दुर्घटना रहित त्योहार मनाने की अपील की है।तथा शराब पीकर वाहन ,तीन सवारी,स्टंट, रफ ड्राइविंग,मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहन चलाते पाए जाने वाले व्यक्तियो पर कड़ी कार्यवाही करने के भी संकेत दिए हैं । जिन पर लगातार अमल किया जा रहा है।



## हद में रहें ओटीटी प्लेटफार्म

आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। लगातार चेतावनियों के बावजूद अश्लील सामग्री दिखाने पर अठारह ओटीटी प्लेटफार्म्स को बैन कर दिया है। यह कदम सूचना व प्रसारण मंत्रालय द्वारा उठाया गया।

इसके साथ ही उन्नीस वेबसाइट्स, दस एप व 57 सोशल मीडिया हैंडल्स को भी ब्लॉक किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, इन प्लेटफॉर्म्स को रचनात्मक अभिव्यक्ति के नाम पर अश्लीलता फैलाने के लिए चेतावनी दी गई थी, जिसे लेकर सरकार ने कड़ी कार्रवाई करते हुए अंततः देश भर में पाबंदी लगा दी। इस कार्रवाई के तहत फेसबुक पर 12, इंस्टाग्राम पर 17, एक्स पर 16 अकाउंट समेत यूटयूब के 12 अकाउंट्स पर भी पाबंदी लगाई गई है।

दुनिया भर की सरकारें अपने यहां समय-समय पर इंटरनेट पर सख्ती करती रहती हैं। चीन, उत्तर कोरिया, ईरान, तुर्किए जैसे देशों में फेसबुक, ट्वीटर तथा यूटयूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर पाबंदियां लगाने के लिए बुरी तरह बदनाम हैं। कुछ समय पहले भी भारत सरकार द्वारा 58 मोबाइल एप्स पर भी पाबंदी लगाई जा चुकी है। यह सच है कि स्क्रीन पर अश्लील कंटेट की बहुतायत है। सरकार की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह ऐसे प्लेटफार्म्स को हिदायत दे। बावजूद इसके यदि वे अपनी स्थिति स्पष्ट करने में असफल होते हैं या चेतावनियों की अनदेखी करते हैं तो उन पर सख्त कार्रवाई करने में संकोच नहीं करना चाहिए, परंतु जैसे कि यह चुनावी वर्ष है, जिसे देखते हुए सरकार पर यह आरोप लगना लाजमी है कि उस पर कीचड़ उछालने वाले कंटेंट या कार्यक्रमों की पहुंच को सीमित रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया। इंटरनेट के जमाने में अश्लीलता को रोकना किसी भी सिस्टम के हाथ में नहीं रहा है। यहां सब कुछ खुलेआम नजर आ रहा है। रचनात्मकता पर अंकुश लगाना कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। क्योंकि शील-अश्लील की बारीक रेखा को चिह्नित करना आसान नहीं है। यह चुनाव स्वयं दर्शकों को करने की पूरी आजादी होनी चाहिए, न कि सरकारों को अंकुश लगाने में जल्दबाजी करनी चाहिए। याद रखना जरूरी है कि गूगल सबसे ज्यादा देखे जाने वाले कंटेंट की प्रतिवर्ष सूची जारी करता है, उसमें पोर्न देखने वाले भारतीयों की संख्या सबसे ज्यादा होती है।

**संपादकीय**

## तेलुगू देशम पार्टी फिर एनडीए में

आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोक सभा के चुनाव भाजपा, तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) और जनसेना पार्टी (जेएसपी) मिलकर लड़ेंगे।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लगातार दूसरे दिन बैठक करने के उपरांत तीनों दलों ने संयुक्त बयान जारी करके इस बाबत जानकारी दी। इस प्रकार एनडीए परिवार में दो और दल शामिल हो गए हैं, और तीनों जल्द ही सीट शेयरिंग के तौर-तरीकों को लेकर बातचीत करेंगे। दरअसल, भाजपा दक्षिण भारत में ज्यादा से ज्यादा लोक सभा सीटें जीतने की रणनीति पर गहन मंथन करती रही है।अपनी इसी रणनीति के तहत उसने आंध्र प्रदेश की एक बड़ी पार्टी तेदेपा और बनिस्बत एक छोटे दल को साथ लेकर बढ़ने का फैसला किया है। वैसे, तेदेपा और भाजपा का रिश्ता कोई नया नहीं हैं, दोनों पार्टियों के बीच रिश्ता काफी पुराना है। तेदेपा राजग 1996 में शामिल हुई थी। अटलबिहारी वाजपेयी और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकारों में सफलतापूर्वक काम कर चुकी है।तेदेपा और भाजपा ने 2014 का लोक सभा और विधानसभा चुनाव साथ लड़ा था जबकि जनसेना पार्टी ने 2014 के आम चुनाव और विधानसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था। जेएसपी के अध्यक्ष पवन कल्याण हैं, और इस पार्टी के राज्य के कुछ पॉकेट्स में प्रभाव माना जाता है। तेदेपा का राजग में शामिल होने को लेकर पहले से कोई संशय नहीं था, और माना जा रहा था कि तेदेपा का राजग में शामिल होने की घोषणा कुछ ही दिनों की बात है। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस का मुकाबला करने के लिए उसके लिए जरूरी है कि वह राजग का हिस्सा बने ताकि वाईएसआर का मजबूती से मुकाबला कर सके। पता चला है कि तेदेपा लोक सभा की 17 सीटों और विधानसभा की 145 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा और जेएसपी लोक सभा की 8 सीटों और विधानसभा की 30 सीटों पर चुनाव लड़ सकती हैं। तेदेपा की कोशिश है कि भाजपा खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशव्यापी लोकप्रियता के सहारे न केवल लोक सभा की अपने हिस्से की सीटें जीत ले, बल्कि विधानसभा में भी अपनी कड़ी प्रतिद्वंद्वी वाईएसआर को शिकस्त देकर राज्य की सत्ता पर काबिज हो जाए। उसे अपनी सरकार के कार्यकाल के प्रदर्शन से कहीं ज्यादा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मे और दूरदर्शी व जीवंत नेतृत्व पर विश्वास है, जिसके सहारे वह चुनावी वैतरणी पार हो जाना चाहती है।

पर्व

# होली दिलों से जुड़ी प्रेरक भावनाओं का पर्व

ललित गर्ग



होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्योहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तब प्रकृति एवं परम्परा हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्मउन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार, होली फाल्गुन महीने की पूर्णिमा को मनाई जाती है। यह वसंत ऋतु के आगमन का जश्न है। इस वर्ष होली पर अनेक शुभ योग बनने से होली का महत्व अधिक है। सर्वार्थसिद्धि योग, रवि योग, धनशक्ति योग, बुधादित्य योग मिलाकर बनते हैं पंच महायोग। कुंभ राशि में शनि, मंगल और शुक्र ग्रह होने से बनते हैं त्रिग्रही योग। इस बार होली पर रहने वाली है चंद्र ग्रहण की छाया, जिससे कुछ राशियों को मिलेगा शुभ परिणाम। इस प्रकार समस्त बड़े-छोटे, सूक्ष्म और बृहत् योग 340 वर्षों बाद प्राप्त हो रहे हैं, जो विशेष फलदायी, शुभ एवं नवीन उत्सवमयी होने का सूचक हैं। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है।

होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। मंदिरों की नगरी वृन्दावन में फाल्गुन शुक्ल एकादशी का विशेष महत्व है। इस दिन यहाँ होली के रंग खेलना परम्परागत रूप में प्रारम्भ हो जाता है। मंदिरों में होली की मस्ती और भक्ति दोनों ही अपनी अनुपम छटा बिखेरती है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ाएँ दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण एवं स्वस्थ जीवन जीये और सभी के लिये शांतिपूर्ण एवं निरोगी जीवन की कामना करें। ऐसा संकल्प और ऐसा जीवन सचमुच होली को सार्थक बना सकते हैं। होली शब्द का अंग्रेजी भाषा में अर्थ होता है पवित्रता। पवित्रता प्रत्येक व्यक्ति को काम्य होती है और इस त्योहार के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान करते हुए आत्मिक खुशी का जरिया भी बनाये। जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा की। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है। होली जैसे त्यौहारों के बावजूद जीवन के सारे रंग फिके पड़ रहे हैं। न कहीं आपसी विश्वास रहा, न किसी का परस्पर प्यार, न सहयोग की उदात्त भावना रही, न संघर्ष में एकता का स्वर उठा। बिखराव की भीड़ में न किसी ने हाथ थामा, न किसी ने आग्रह की पकड़ छोड़ी। यूँ लगता है सब कुछ खोकर विभक्त मन अकेला खड़ा है फिर से सब कुछ पाने की आशा में। कितनी झूठी है यह प्रतीक्षा, कितनी अर्थ शून्य है यह अगवानी।



हम भी भविष्य की अनगिनत संभावनाओं को साथ लिए आओ फिर से एक सचेतन माहौल बनाएँ। उसमें सच्चाई का रंग भरने का प्राणवान संकल्प करें। होली के लिए माहौल भी चाहिए और मन भी चाहिए, ऐसा मन जहाँ हम सब एक हों और मन की गंदी परतों को उखाड़ फेकें ताकि अविभक्त मन के आइने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। कलाकार एमी ग्रेंट के अनुसार, 'काला रंग गहराई देता है। इसे मिलाए बिना किसी वास्तविकता को रचा नहीं जा सकता।' जीवन में सुख-दुख दोनों हैं। दोनों एक-दूसरे में बदलते रहते हैं। हमें सुख अच्छा लगता है और दुख में हम घबरा उठते हैं। सारी कोशिशें ही दुखों से बचने की होती हैं। होली का अवसर भी सारे दुःखों को भूलकर स्वयं से स्वयं के साक्षात्कार का अवसर है। होली दिलों से जुड़ी भावनाओं का पर्व है। यह मन और मस्तिष्क को परिष्कृत करता है। न्यूरोबायोलिस्ट और रिसर्चर सेमिर जैक कहते हैं, 'मस्तिष्क में प्यार और नफरत को जनरेट करने वाली वायरिंग एक ही होती है।' इस भावना की कुछ अलग तरह से व्याख्या करते हैं लेखक और समाजशास्त्री पेजिल पामरोज, 'प्रेम आत्मा के स्तर पर होता है और नफरत भावना के स्तर पर।' होली प्रेम एवं संवेदनाओं को जीवंतता देने का दुर्लभ अवसर है। यह नफरत को प्यार में बदल देता है। यह पर्व बाहरी दुनिया में मौज-मस्ती का अवसर ही नहीं देता, बल्कि भीतरी दुनिया का साक्षात्कार भी कराता है। महान् दार्शनिक संत आचार्य महाप्रज्ञ ने प्रेक्षाध्यान के माध्यम से विभिन्न रंगों की साधना कराते हुए आत्मा को उजालने एवं भीतरी दुनिया को उन्नत बनाने की विधि प्रदत्त की है। रोमन सम्राट व चिंतक मार्क्स ऑरेलियस ने कहा भी है, 'मन के विचारों में रंगी होती है आत्मा।' जैन दर्शन भी कहता है कि जैसे विचार होते हैं, वैसे ही कर्म परमाणु आत्मा से चिपक जाते हैं। आत्मा के तमाम रंगों तक पहुंचने की हमारी यात्रा मन से होकर गुजरती है। हमें अपने विचारों को सही रखना होता है। उसमें दूसरों के लिए जगह छोड़नी होती है। नकारात्मक ऊर्जा के नुकसान से बचने के लिए होली के रंगों में सराबोर होना, रंगों का ध्यान करना, अपनी पर्वमय संस्कृति से रू-ब-रू होना फायदेमंद साबित होता है।

## अबीर, गुलाल और भाईचारे का पवित्र त्यौहार है होली

संजीव ठाकुर



होली मूलतः रंगों का त्योहार है। होली के त्यौहार के पीछे कई पौराणिक कथाएं विद्यमान हैं। मगर शास्त्रों में लिखी प्रहलाद और होलिका की कथा सर्वदा मान्य और प्रचलित है।विष्णु पुराण की कथा के अनुसार राजा हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु को नहीं मानता था,और अपनी प्रजा को विष्णु जी की पूजा अर्चना करने से भी मना कर रोका करता था। पर विडंबना यह थी कि उसका अपना ही पुत्र प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त तथा अनुयाई था, हिरण कश्यप को यह ज्ञात होते ही उसने प्रहलाद को अनेक कष्ट देना शुरू कर दिया।जब उसके दिए गए कष्टों से भक्त प्रहलाद को कोई कष्ट न होकर कुछ नहीं हुआ, तब उसने अपनी बहन होलिका जिसे आग से ना जलने का वरदान प्राप्त था, को बुलवाया और आदेश दिया कि प्रहलाद को गोद में बिठाल कर अग्नि में बैठ जाए, और अपने भाई की आज्ञा का पालन करते हुए होली का ने प्रहलाद को गोद में लेकर अग्नि के ऊपर बैठ गई। ईश्वर विष्णु जी की कृपा से प्रहलाद को कुछ नहीं हुआ और होलीका दग्ध अग्नि में जलकर भस्म हो गई। प्रहलाद बच गए, और भगवान विष्णु ने हिरण्यकश्यप का वध करके प्रह्लाद को उसके पिता द्वारा दी गई यातनाएं से मुक्ति दिलाई। इस तरह आमजन इस घटना को याद करके होलिका दहन करके दूसरे दिन अबीर गुलाल तथा रंगों से होली खेलते हैं। होली का बहुत बड़ा वर्णन साहित्य में भी किया गया है कविवर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने भी कहा नयनों के डोरे लाल गुलाब भरे, खेली होली रे

होली का त्यौहार राधा और कृष्ण के पवित्र प्रेम से भी संबंधित है ।यही कारण है की भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा था वृंदावन में होली बड़े धूमधाम से मनाई जाती है। होली तो वैसे ही वैश्विक स्तर पर भी मनाया जाता है, क्योंकि भरत वंशी विदेशों में जिस जिस जगह निवास करते हैं, वह होली का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। भारत में अनेक राज्य होने से अलग-अलग क्षेत्र के लोग अलग अलग नाम से होली का त्यौहार मनाते हैं। पश्चिम बंगाल में इसे होली का उत्सव के रूप में मनाया जाता है, पंजाब में इसे ÷होला मोहल्ला÷कहा जाता है, तमिलनाडु में इसे ÷कॉमन पोडगई÷कहां जाता है महाराष्ट्र में रंग पंचमी नाम देखकर दो-तीन दिन तक मनाया जाता है। देश में होली किसी भी नाम से मनाई जाए पर होली में रंग गुलाल और अबीर से ही होली का आनंद उत्सव मनाया जाता है। होली रंगों का त्योहार होने के साथ-साथ आपस में भाईचारे का त्यौहार भी है। आज के दिन दुश्मन भी गले लग कर एक दूसरे से रंग गुलाल तथा मिठाई खिलाकर अपनी दुश्मनी भूल जाते हैं, और क्योंकि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है अतः होली के त्यौहार को रंग गुलाल लगाने के साथ-साथ हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई ईसे समान रूप से मना कर प्रसन्न होते हैं, यह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक भी है। पर कुछ लोग होली में भांग तथा शराब का नशा करके माहौल को जरूर खराब करके बिगाड़ कर ईसे बदनाम करने की कोशिश करते हैं,एवं रंगों में रसायनिक पदार्थ का इस्तेमाल कर त्वचा को हानि पहुंचाते हैं,जोकि इस त्यौहार की पवित्रता को भंग करते हैं। ऐसा होना नहीं चाहिए इससे बचने का प्रयास करना चाहिए। वैसे होली बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व भी है, होली की शुभकामनाओं के साथ।



पर्व

## नीरस होतीह्य होली की मस्ती, रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली

प्रियंका सौरभ



होली एक ऐसा रंगबिरंगा त्योहार है, जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते रहे हैं। होली के दिन सभी बैर-भाव भूलकर एक-दूसरे से परस्पर गले मिलते थे। लेकिन सामाजिक भाईचारे और आपसी प्रेम और मेलजोल का होली का यह त्योहार भी अब बदलाव का दौर देख रहा है। फाल्गुन की मस्ती का नजारा अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। कुछ सालों से फीके पड़ते होली के रंग अब उदास कर रहे हैं। शहर के बुजुर्गों का कहना है कि ' न हंसी- ठिठोली, न हुड़दंग, न रंग, न ढप और न भंग' ऐसा क्या फाल्गुन? न पानी से भरी 'खेळी' और न ही होली का .....रे का शोर। अब कुछ नहीं, कुछ घंटों की रंग-गुलाल के बाद सब कुछ शांत। होली की मस्ती में अब वो रंग नहीं रहे। आओ राधे खेला फाग होली आई....ताम्बा पीतल का मटका भरवा दो...सोना रुपाली लाओ पिचकारी...के स्वर धीरे धीरे धीमे हो गए हैं। फाल्गुन लगते ही होली का हुड़दंग शुरू हो जाता था। मंदिरों में भी फाल्गुन आते ही 'फाग' शुरू हो जाता था। होली के लोकगीत गूंजते थे। शाम होते ही ढप-चंग के साथ जगह-जगह फाग के गीतों पर पारंपरिक नृत्य की छटा होली के रंग बिखेरती थी। होली खेलते समय पानी की खेली में लोगों को पकडक़र डाल दिया जाता था। कोई नाराजगी नहीं, सब कुछ खुशी-खुशी होता था। वसन्त पंचमी से होली की तैयारियां करते थे। चौराहो पर समाज के नोहरे व मंदिरों में चंग की थाप के साथ होली के गीत गूंजते। रात को चंग की थाप पर गैर नृत्य का आकर्षण था। बाहर से फाल्गुन के गीत व रसिया गाने वाले रात में होली की मस्ती में गैर नृत्य करते थे। पहले की होली और आज की होली में अंतर आ गया है, कुछ साल पहले होली के पर्व को लेकर लोगों को उमंग रहता था, आपस में प्रेम था। किसी के भी प्रति द्वेष भाव नहीं था। आपस में मिल कर लोग प्रेम से होली खेलते थे। मनोरंजन के अन्य साधानों के चलते लोगों की परंपरागत लोक त्यौहारों के प्रति रुचि कम हुई है। इसका कारण लोगों के पास समय कम होना है। होली आने में महज कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन शहर में होली के रंग कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। एक माह तो दूर रहा अब तो होली की मस्ती एक-दो दिन भी नहीं रही। मात्र आधे दिन में यह त्योहार सिमट गया है। रंग-गुलाल लगाया और हो गई होली। जैसे-जैसे परंपराएं बदल रही हैं, रिश्?तों का मिठास खत्?म होता जा रहा है। जहां तक होली का सवाल है तो अब मोबाइल और इंटरनेट पर ही 'हैप्?पी होली' शुरू होती है और खत्?म हो जाती है। अब पहले जैसा वो हर्षोल्?लास नहीं रह गया है। पहले बच्चे टोलियां बनाकर गली-गली में हुड़दंग मचाते थे। होली के 10-12 दिन पहले ही मित्रों संग होली का हुड़दंग और गली-गली होली का चंदा इकट्ठा करना और किसी पर बिना पूछे रंग उड़ेल देने से एक अलग प्?यार दिखता था। इस दौरान गाली देने पर भी लोग उसे हंसी में उड़ा देते थे। अब तो लोग मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। पहले परायों की बहू-बेटियों को लोग बिल्कुल अपने जैसा समझते थे। पूरा दिन घरों में पकवान बनते थे और मेहमानों की आवभगत होती थी। अब तो सबकुछ बस घरों में ही सिमट कर रह गया है। आजकल तो मानों रिश्तों में मेल-मिलाप की कोई जगह ही नहीं रह गई हो। मन आया तो औपचारिकता में फोन पर हैप्?पी होली कहकर इतिश्री कर लिए। अब रिश्?तों में वह मिठास नहीं रह गया है। यही वजह है कि लोग अपनी बहू-बेटियों को किसी परिचित के यहां जाने नहीं देते। पहले घर की लड़कियां सबके घर जाकर खूब होली की हुल्?लड़ मचाती थीं। अब माहौल ऐसा हो गया है कि यदि कोई लड़की किसी रिश्?तेदार के यहां ही ज्?यादा देर तक रुक गई तो परिवार के लोग चिंतित हो जाते हैं कि क्?यों इतना देर हो गया। तुरंत फोन करके पूछने लगते हैं कि क्?या कर रही हो, तुम जल्?दी घर आओ। क्?यों अब लोगों को रिश्?तों पर भी उतना भरोसा नहीं रह गया है। दूसरी ओर, होली के दिन खान-पान में भी अब अंतर आ गया है। गुझि?या, पूड़ी-कचौड़ी, आलू दम, महजूम (खोवा) आदि मात्र औपचारिकता रह गई है। अब तो होली के दिन भी मेहमानों को कोल्?ड ड्रिंक्?स और फास्?ट फूड जैसी चीजों को परोसा जाने लगा है। वहीं, होलिका के चारों तरफ सात फेरे लेकर अपने घर के सुख शांति की कामना करना, वो गोबर के विभिन्न आकृति के उपले बनाना, दादी-नानी का मखाने वाली माला बनाना, रंग-बिरंगे ड्रेसअप में अपनी सखी-सहेलियों संग घर-घर मिठाई बांटना, गेहूं के पौधे भूनना और होली के लोकगीतों को गाना। अब यह सब परंपराएं तो मानो नाम की ही रह गई हैं। होली रोपण के बाद से होली की मस्ती शुरू हो जाती थी। छोटी बच्चियां गोबर से होली के लिए वलुडिये बनाती थी। उसमें गोबर के गहने, नारियल, पायल, बिछियां आदि बनाकर माला बनाती थी। अब यह सब नजर नही आता है। होली से पूर्व घरों में टेशु व पलाश के फूलों को पीस कर रंग बनाते थे। महिलाएं होली के गीत गाती थी। होली के दिन गोठ भी होती थी जिसमें चंग की थाप पर होली के गीत गाते थे। होली रोपण से पूर्व बसंत पंचमी से फाग के गीत गूंजने लगते थे। आज के समय कुछ मंदिरों में ही होली के गीत सुनाई देते हैं। होली के दिन कई समाज के लोग सामूहिक होली खेलने निकलते थे। साथ में ढोलक व चंग बजाई जाती थी, अब वह मस्ती-हुड़दंग कहां? अब होली केवल परंपरा का निर्वहन रह गया है। हाल के समय में समाज में आक्रोश और नफरत इस कदर बढ़ गई है कि सभ्रांत परिवार होली के दिन निकलना नहीं चाहते हैं। लोग साल दर साल से जमकर होली मनाते आ रहे हैं। इस पर्व का मकसद कुरीतियों व बुराइयों का दहन कर आपसी भाईचारा को कायम रखना है। आज भारत देश मे समस्यायों का अंबार लगा हुआ है।

होली पर विशेष

# कहीं ढेलामार तो कही बुढ़वा होली का दिख रहा रंग

डॉ सूर्यकांत मिश्रा



भारतवर्ष की सरजमीं पर पर्व - त्योहारों की कोई कमी नहीं है । प्रत्येक त्योहार की छटा अलग नजारा पेश करती दिखाई पड़ती है । सबका अपना महत्व और तौर - तरीके भी लोगों को आकर्षित करते रहे हैं । हिंदू पंचांग का हर महीना त्योहारों से सजा हुआ है । बारह माह के सैकड़ों त्योहारों के बीच एक ऐसा पर्व भी है जो सबसे अलग और अनोखा दिखाई पड़ता है । इस पर्व को रंगों का पर्व होली के नाम से जाना जाता है । इसे बसंतोत्सव भी कहा जाता है । रंगों के पर्व होली की तुलना भारतवर्ष तो क्या दुनिया के किसी भी पर्व से कर पाना कठिन है । होली के पर्व में जहां भक्ति के अलग - अलग रंग घुले हुए हैं , वहीं भाई चारे की मिठास कई महीनों तक मुंह में समाई रहती है । देखा जाए तो होली का पर्व सत्य एवं निष्ठा को प्रगाढ़ करने वाला पर्व है । होली का ही पर्व ऐसा है जो आने वाले कुछ दिनों तक अपनी उपस्थिति बनाए रखता है । होली के बाद आने वाली पंचमी रंग पंचमी के नाम से जानी जाती है । यह रंग पंचमी देवर - भाभी की अनोखी होली के रूप में हँसी - ठिठोली को समेटे होती है । यह त्योहार ऐसे समय में आता है जब सर्दी लगभग बिदा हो चुकी होती है । साथ ही गर्मी आने को आतुर होती है । ऐसे समय में रंगों की फुहार शरीर और मन दोनों को शीतलता प्रदान करने वाली होती है । होली के रंग में डूबे युवक - युवतियां कुछ इस तरह झूमते नजर आते हैः-

गंगा तट पर शिवशंकर , सरयू तट श्री रघुवीर ।
गोपियन संग में होली , खेलें कान्हा जमुना तीर।।

होली एक ऐसा पर्व है जिसका रंग हर प्रदेश में अलग और परंपराओं पर आधारित दिखाई पड़ता है । शौर्य और साहस का प्रदर्शन लिए होली का पर्व अलग ही दृश्य उत्पन्न करता है । हम बात करना चाहते हैं राजस्थान के मेवाड़ - वागड़ क्षेत्र की । इस क्षेत्र में होली पर अनोखी परंपराएं निभाई जाती हैं । इन परंपराओं को बेहद ही खतरे से जोड़कर देखा जा सकता है । हालांकि अब समय के साथ इन परंपराओं में कुछ बदलाव हुए हैं । झीलों की नगरी उदयपुर के खैरवाड़ा में आदिवासियों की होली अलग तरह की होती है । खैरवाड़ा में होली का पर्व शौर्य प्रदर्शन का दिन होता है । आदिवासियों के शौर्य प्रदर्शन को देखने राजस्थान ही नहीं , गुजरात , मध्यप्रदेश से भी आदिवासियों की टोली पहुंचती है । आदिवासी इस दिन स्थानीय लोक देवी के स्थानक के समीप होलिका दहन करते हैं । तलवार और बंदूकों के साथ आदिवासी अपनी - अपनी टोली के लिए गीत गाते हुए स्थानक तक पहुंचते हैं । दहकती होली के बीच डंडे को तलवार से काटने की अनोखी रस्म अदायगी होती है ! जो उक्त डंडे को काट देता है उसकी वीरता का सम्मान होता है , लेकिन जो इसमें असफल रहते हैं उन्हें समाज के मुखिया द्वारा तय की गई जुर्माना राशि चुकानी होती है । इसी तरह सरगुजा संभाग में रहने वाली पण्डो जनजाति के लोग अपनी बस्ती में होलिका दहन की सुबह तीरंदाजी की प्रतियोगिता आयोजित करते हैं । होलिका दहन वाले स्थान पर एक खंबा गाड़ दिया जाता है , जो होलिका दहन में जल जाता है । जहां खंबा गाड़ा जाता है वहां केवल ठूंठ बचता है । इस ठूंठ पर दो सौ मीटर की दूरी से पण्डो जनजाति के लोग तीर चलाते हैं । तीर सही निशाने पर लगाने वाले व्यक्ति का सम्मान किया जाता है और उसे एक महुआ का पेड़ वर्ष भर के लिए दिया जाता है । अगले वर्ष जब होली पर ऐसी ही प्रतियोगिता होती है , तब जो जीतता है उसे वह पेड़ दे दिया जाता है । इस दौरान महुआ बीनने का अधिकार भी उसी के पास होता है । ऐसी ही प्रतियोगिता पण्डो बाहुल्य हर क्षेत्र में होती है । होली के दिन जल रही होलिका के अंगारों को लेकर पण्डो जनजाति के लोग अपने घर जाते हैं ,और उसी अंगारे को चूल्हे में डालकर आग जलाई जाती है । वे होली की इस आग को पवित्र मानते हैं । ऐसी मान्यता है कि इससे उनकी रसोई के साथ ही घर में पवित्रता बनी रहेगी ।



बिहार प्रदेश में होली एक नए रूप में दिखाई पड़ती है । बिहार में होली के एक दिन बाद बुढ़वा होली मनाए जाने की परंपरा है । इस दिन लोग होली की मस्ती में मस्त रहते हैं ।एक - दूसरे के घर जाकर फगुआ गीत गाते हैं । औरंगाबाद , गया , जहानाबाद ,नवादा ,अलवर आदि जिलों में बुढ़वा होली मनाए जाने की पुरानी प्रथा आज भी जीवित बताई जाती है । बुढ़वा होली मनाए जाने की परंपरा कब और कैसे शुरू हुई इसका कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं । मान्यता है कि होली के दिन लगभग घरों में कुलदेवता की पूजा होती है । इसी कारण लोगों ने बुढ़वा होली को मान्यता दी । इस दिन गांव की महिलाओं का विशेष नृत्य ( झमटा ) शहर में भ्रमण करता है । इसे कुछ लोग बुजुर्गों के सम्मान से जोड़कर देखते हैं । जानकारों की माने तो मगध के लगभग सभी गांवो - शहरों में बुढ़वा होली मनाई जाती है । वर्तमान में बुढ़वा होली में शुरू हुई गलत परम्परा के कारण सभ्य लोग इससे दूर होते जा रहे हैं ।

होली पर एक अनोखी परंपरा झारखंड में देखने मिलती है । झारखंड के लोहरदगा में ढेलामार होली मनाई जाती है । इस अनोखी परंपरा में गांव के लोग होली के दिन एक - दूसरे को ढेला मारते हैं । विशेष रूप से झारखंड के बरही- चटकीपुर गांव में ढेलामार होली का रोमांच देखा जा सकता है । होली दहन वाले दिन गांव के मैदान में बीचों - बीच एक खूंटा गाड़ दिया जाता है । प्रतियोगिता होती है कि कौन उस खंबे को छूता है या उखाड़ता है । जब कोई खंबे को छूने या उखाड़ने उसकी ओर लपकता है तो उस पर ढेलों की बौछार की जाती है । ढेले की मार सहकर भी जो खूंटा उखाड़ लाता है उसे विजई घोषित किया जाता है । यह मान्यता है कि जो ढेले की मार की परवाह किए बगैर खूंटा उखाड़ लाता है उसके घर सुख - समृद्धि और सौभाग्य बना रहता है । बताया जाता है कि इस तरह की होली का शुभारंभ दामादों के साथ चुहल करने से हुई थी । उस वक्त केवल खूंटा गाड़कर दामादों को उसे उखाड़ने के लिए कहा जाता था । साले - सालियां दामादों पर ढेला बरसाते थे । धीरे - धीरे गांव वाले इसमें भाग लेने लगे और यह परंपरा बन गई ।

# श्रीराम से सीखें दान व दया का स्वरुप: दीदी मां मंदाकिनी

- सैकड़ों सद्गुण किसी काम का नहीं यदि सीताराम की चरणों में अनुराग नहीं
- जीवन परिवर्तन - प्रबंधन की कथा है श्रीराम चरित मानस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 24 मार्च।** ईश्वर की कृपा तो सब पर समान रुप से बरसती है लेकिन आपके ग्रहण करने की पात्रता पर निर्भर करता है कि कितनी मात्रा आप पा सकते है यदि पात्र में छिद्र है तो सारी कृपा व्यर्थ हो जाएगी। बुद्धि की चतुराई का प्रयोग कर अपने छल को कब तक छुपा पाएंगे। राम कथा सुनते है, राम मंदिर में राम का दर्शन करते है लेकिन राम का एक गुण या एक दृष्टि भी ग्रहण कर लिया तो घर-समाज में राम राज्य स्थापित हो जाएगा इसके लिए हृदय के मंदिर में राम को बसाना जरुरी है।

श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के समापन दिवस पर दीदी माँ मंदाकिनी ने कहा कि दान का स्वरुप राम से सीखें, श्रीलंका पर विजय पाकर भी विभीषण से आग्रह करते है कि तुम मुझे यश देने के लिए राज सिंहासन स्वीकार कर लो। दैत्यों को उपदेश देना था इसलिए ताड़का का वध किया। ताड़का को निज पद की प्राप्ति हो गई, यह श्रीराम के दया की पात्रता है। दमन किस अवसर पर करना है यह भी प्रभु ने चरितार्थ किया है। राम कथा का उद्देश्य है कि अपने आपको द अक्षर से जोड़कर देखने का प्रयास करें, जब श्रीराम राक्षसों के लिए सुलभ हो गए तो क्या भक्तों के लिए सुलभ नहीं होंगे।

उन्होंने बताया कि हर युग की अपनी विशेषता है? उन्होंने यक्ष सवाल करते हुए श्रद्धालुओं को समझाया कि तमाम सद्गुण होते हुए भी रावण हमारा आदर्श क्यों नहीं हुआ इसलिए की सीताराम की चरणों में यदि अनुराग नहीं है तो वह गुण किसी काम का नहीं। जो लोभी भोगी व स्वार्थी व्यक्ति होगा उसकी हमेशा चिंता रहेगी कि उसका पद न जाए। हर किसी के जीवन में त्रुटियां है, कमियां है कोई पूर्ण नहीं है। जीवन में परिवर्तन नहीं आया तो इसका सिर्फ एक ही कारण है कि प्रभु की चरणों से अनुराग नहीं है।

श्रीराम के अवतरण का उद्देश्य भी यही था कि संसार के मंच पर लीला कर उन सभी विषयों को चरितार्थ करना जो कि हम आपके जीवन से जुड़ा है। जीवन परिवर्तन - प्रबंधन की कथा है श्रीराम चरित मानस। एक दिशा बोध है। अपने जीवन का कल्याण करना चाहते है तो युग तुलसी ने जो अलौकिक प्रसादी दिया है मानस के रुप में उसे ग्रहण करें।

युग तुलसी श्रीरामकिंकर महाराज जन्मशती महोत्सव पर 1 नवंबर को उनके प्राकट्य दिवस पर देश भर में दीये जलाये जाएंगे। ऐसा संकल्प श्रीरामकिंकर आध्यात्मिक मिशन के सदस्यों ने लिया है ताकि उसकी अलौकिकता से हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली का प्रकाश आता रहे।

## एक नजर

### शासकीय एवं निजी स्थानों से अब तक हटाए गए 5402 पोस्टर एवं बैनर

**उत्तर बस्तर कांकेर, 24 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों के द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय एवं अशासकीय भवनों पर नारे लेखन एवं बैनर, पोस्टर तथा विद्युत और टेलीफोन के खंभों पर चुनाव प्रचार से संबंधित झंडियां लगाई जाती हैं, जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम का प्रयोग करते हुए इसे हटाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत सार्वजनिक सम्पति से 01 हजार 108 दीवार लेखन, 01 हजार 541 पोस्टर, 01 हजार 78 बैनर और 933 अन्य प्रचार सामग्रियां हटाई गई हैं। इसके अलावा निजी सम्पति अंतर्गत 369 दीवार लेखन, 208 पोस्टर, 164 बैनर और 01 अन्य प्रचार सामग्री हटाई गई हैं। इस प्रकार अब तक सार्वजनिक स्थलों से कुल 04 हजार 660 तथा निजी स्थलों से 742 सहित यानी कुल 05 हजार 402 पोस्टर-बैनर हटाये जा चुके हैं।

### मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति गठित

**धमतरी 24 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया है। उक्त समिति में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी आदेश के तहत समिति की अध्यक्ष कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी होंगी। समिति के सदस्य के तौर पर अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मराकम, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री शब्बीर हुसैन, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्री उपेन्द्र चन्देल, ब्यूरो चीफ जी न्यूज छत्तीसगढ़/मध्यप्रदेश श्री सुभाष साहेब एवं स्थानीय सम्पादक प्रखर समाचार श्री मेघराज ठाकुर और सहायक सूचना अधिकारी, जिला जनसम्पर्क कार्यालय धमतरी श्री अमित कुमार नुणीवाल को समिति में सदस्य सचिव के तौर पर शामिल किया गया है।

### सामान्य और पुलिस प्रेक्षक नियुक्त

**जगदलपुर 24 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आम निर्वाचन के लिए सामान्य प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। आयोग ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2006 बैच के हरियाणा कैडर के अधिकारी डॉ. जे. गणेशन को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया है। वहीं भारतीय पुलिस सेवा के 2010 बैच के उत्तरप्रदेश कैडर के अधिकारी श्री रामकिशुन को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

### भारत निर्वाचन आयोग ने किया बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान का समय निर्धारित

**जगदलपुर 24 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को होने वाले चुनाव के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है। जिसके अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में समाहित अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों हेतु पृथक-पृथक समय नियत किया गया है। आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं कोंटा में मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। वहीं बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

### कन्या पालीटेक्निक धरमपुरा तथा आईटीआई आड़ावाल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**जगदलपुर 24 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शासकीय कन्या पालीटेक्निक धरमपुरा और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आड़ावाल में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शासकीय कन्या पालीटेक्निक धरमपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेटों ने नारा लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया और मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वहीं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आड़ावाल के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## बुचीभरदा स्कूल में न्योता भोजन



**राजनांदगाँव 24 मार्च।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन ग्राम - बुचीभरदा के वरिष्ठ नागरिक मिलन सिंह साहू के द्वारा किया गया उन्होंने मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त अन्य व्यंजन परोसा और खुद बच्चों के साथ भोजन किया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत स्कूलों में खास मौके पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं ताकि बच्चों को और ज्यादा आहार-पोषण मिल सके। राजनांदगांव विकासखंड के सुरगी संकुल केन्द्र के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बुचीभरदा के बच्चों को दैनिक रूप से परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन में दाल, भात एवं सब्जी के अतिरिक्त बूंदी का लड्डू परोसा गया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियाँ छलक रही थी। यह देख उपस्थित पालकों ने कहा कि सामुदायिक सहभागिता को जोर देने और पोषक तत्वों की मात्रा में वृद्धि करने की यह व्यवस्था सराहनीय है।इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राकेश सोनी, प्रधान पाठक पुर्व माध्यमिक शाला चांताराम साहू, दानदाता मिलन सिंह साहू, एस एम सी अध्यक्ष द्वय अनुरुद्ध कौशिक, चुनूराम साहू,उपाध्यक्ष उत्तम कुमार कलिहारी, नागरिकगण जितेन्द्र कुमार साहू , शिक्षकगण विनोद चंद्राकर, रितुराज चतुर्वेदी, मैडम लेमत भूआर्य के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, रसोइया के साथ ही साथ स्कूली छात्र- छात्राएं एवं पालकगण उपस्थित थे।

### आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उलघंन करने वालों पर ठोस कार्रवाई करने कलेक्टर को लिखा पत्र

**राजनांदगांव 26 मार्च।** ग्राम भर्रेगाँव के ग्रामीण आज जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर पत्र सौपा गया। जिसमे पत्र मे कलेक्टर महोदय जिला राजनांदगांव (छ.ग.)लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों के उलंघन करने वालों के ऊपर ठोस कार्यवाही करने बाबत,निवेदन है कि पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह जी के विधानसभा क्षेत्र राजनांदगांव ग्राम भर्रेगांव में भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर जो कि ग्राम पंचायत में उपसरपंच के पद में है एवं सुलेखा चन्द्राकर जो कि कार्यवाहक सरपंच के पद में है। इनके द्वारा डा. रमन सिंह (सत्ता पक्ष) के संरक्षण में निर्भिकतापूर्वक मोदी जी के फोटोयुक्त प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के नाम से थैले में शासकीय उचित मूल्य की दुकान में हितग्राहियों को 18.03.2024 राशन वितरण किया जा रहा था। जिसकी शिकायत होने पर अधिकारी द्वारा राशन दुनाक संचालक एजेंसी ग्राम पंचायत भर्रेगांव की तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही समीपस्थ पीडीएस आई डी 1055 को अस्थायी रूप से संलग्न किया गया।सत्तापक्ष के घमंड में चूर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर एवं सुलेखा चन्द्राकर द्वारा शासकीय राशन दुकान में इस प्रकार से किया जाने वाला कृत्य गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। ग्राम पंचायत में सरपंच का पद अत्यंत महत्वपूर्ण पद है। सरपंच का दायित्व है कि शासन द्वारा समय-समय पर जारी प्रावधानों के अनुरुप पंचायती राज अधिनियम के अधीन अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। पर कार्यवाहक सरपंच एवं उपसरपंच द्वारा आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन करते पाया गया जो कि अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही है। निर्वाचन आयोग के नियमों के प्रतिकुल किया जाने वाला कृत्य निंदनीय है। उक्त कृत्य के लिए दोषियों को तत्काल पद से बर्खास्त किया जाना न्योयाचित होगा।अतः आपसे निवेदन है कि उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही करने की मांग रखी है ।

## जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने जिलेवासियों को होली पर्व की दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 24 मार्च।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने समस्त जिले एवं देशवासियों को होली पर्व की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हिंदू धर्म में कई प्राचीन व्रत एवं त्योहार मनाए जाते हैं,जिनमें से होली को सबसे प्राचीन पर्व माना जाता है। खुशियों के इस त्यौहार का संबंध भगवान श्री कृष्ण और भगवान विष्णु के भक्त प्रह्लाद से जुड़ा है। होली पर्व के दिन देशभर में गुलाल और अबीर से रंगो की होली खेली जाती है और रंगोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। रंगो के इस पवित्र त्योहार को वसंत ऋतू का संदेशवाहक भी माना जाता है। वहीं देश के विभिन्न हिस्सों में इस पर्व को कई नाम एवं तरीकों से मनाया जाता है। जिनमें फगुआ, धूलंडी मुख्य है। खास बात यह है ब्रज में होली का त्योहार वसंत पंचमी से ही आरंभ हो जाता है और उसी दिन से गुलाल से होली खेली जाती है। फाल्गुन मास में इस पर्व को मनाए जाने के कारण इसे फाल्गुनी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने आगे बताया कि होली का त्योहार मुख्य रूप से रंगों का त्योहार होता है और इस दिन का हिंदू धर्म में विशेष महत्त्व है। होली दो दिनों तक मनाई जाती है जिसमें पहले दिन होलिका दहन होता है जिसे छोटी होली भी कहा जाता है और दूसरे दिन रंगों का त्योहार होता है जिसमें लोग मिल जुलकर रंग खेलते हैं और खुशियां मनाते हैं। पानी के गुब्बारों और पिचकारी से बहुत पहले से ही होली खेलने का चलन चला आ रहा है। बहुत पहले होली केवल हिन्दू धर्म का त्योहार था लेकिन अब ये दुनिया भर में एक उत्सव की तरह मनाया जाता है।

## लोकतंत्र की दुहाई देने वाले भूपेश का काला सचः नारायण चंदेल

**रायपुर 22 मार्च।** वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सच नहीं बोलने के लिए एक तरह से भूपेश बघेल ने अघोषित रूप से आपातकाल लागू कर रखा है। राजनांदगांव में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भूपेश बघेल को उनके सामने ही मंच से कांग्रेस के पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र दाऊ ने उपेक्षा करने का आरोप लगाया था। इसके बाद से सुरेंद्र दाऊ को धमकियां मिलने लगी है। ऐसे में उन्हें पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। भाजपा ने कहा लोकतंत्र की दुहाई देने वाले भूपेश बघेल अपनी ही पार्टी में जब तक सत्ता में थे तो उन्होंने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा की। आज जब वे अपनी पीड़ा भूपेश बघेल को सुना रहे हैं तो ऐसे में वे उनकी आवाज को दबाने के लिए कार्यकर्ताओं को धमकियां तक दिलवा रहे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल ने कहा कि भूपेश बघेल ने अपने 5 साल के कार्यकाल में कार्यकर्ताओं को लेकर चलने के बजाए दलालों और भ्रष्ट अधिकारियों को मोहरा बनाकर प्रदेश की जनता को सरेआम लूटने का काम किया। जिसे छत्तीसगढ़ की जनता के साथ-साथ कार्यकर्ता भी जान चुके हैं। यही कारण है कि भूपेश बघेल जब राजनांदगांव में चुनाव प्रचार के दौरान जनसंपर्क कर रहे हैं तो उन्हें जनता की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल ने कहा कि इस बार जनता कांग्रेस को लोकसभा के चुनाव में सबक सिखाएगी। क्योंकि पूरे साल भूपेश सरकार में कांग्रेसियों ने गौठान घोटाला, कोयला घोटाला, चावल घोटाला, डीएमएफ फंड घोटाला, पीएएसी घोटाला सहित अवैध रेती खनन में कई हजार करोड़ के घोटाले किए।

## लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ को कांग्रेस मुक्त बनाना है: विष्णुदेव साय

**जगदलपुर 24 मार्च।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को बकाबंड में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि 36 वादे कर सरकार में आने वाली कांग्रेस ने अपने शासनकाल में 36 में से एक भी वादा पूरा नहीं किया। इसका परिणाम उसे पिछली विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ा और सत्ता से बाहर हो गई। अब कांग्रेस किस मुंह से छत्तीसगढ़ की जनता से वोट मांग रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता कांग्रेस की किसी भी गांरटी पर विश्वास नहीं करने वाली है। देश में अगर किसी की गांरटी चलेगी तो वह है सिर्फ मोदी की गांरटी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में आप लोगों का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को मिला। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर आप लोगों ने विश्वास किया और ऐतिहासिक विजय भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव में दिलाया। इसके लिए आप सब लोग बहुत - बहुत धन्यवाद के पात्र हैं। आपने छत्तीसगढ़ में एक इंजन तो बनाया है। अब हमारे देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जो दूसरा इंजन है। उसको भी और कंटिन्यू करना है। नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। इसके लिए कमल छाप में वोट डालकर महेश कश्यप को संसद बनाकर भेजना होगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि पिछले 5 साल छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार रही। 5 साल तक कांग्रेस की सरकार ने जनता को धोखा देने का काम किया। कांग्रेस की सरकार ने 36 वादे किए थे, पर एक भी वादा पूरा नहीं किया। इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस की सरकार को बर्खास्त कर दिया। अब इस लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ को कांग्रेस मुक्त बनाना है। 5 साल में भूपेश बघेल की सरकार ने कोयला, शराब, बालू जैसे कई घोटाले कर भ्रष्टाचार किया। आज कांग्रेस पार्टी के कितने नेता जेल के अंदर में है। उनको 6 ङ्क 6 माह सालभर से कोर्ट से बेल नहीं मिल पा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भ्रष्टाचारियों का सरगना थे। उनके ऊपर भी महादेव बटिंग एप में 508 करोड़ प्रोटेक्शन मनी लेने के मामले में एफआईआर कराई गई। अब वह कह रहे हैं कि बीजेपी वाले उनको फंसा रहे हैं। जबकि महादेव बेटिंग एप मामले की जांच कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही शुरू हो गई थी। आज पैसे देने वाला कह रहा है कि प्रोटेक्शन मनी 508 करोड़ रूपया भूपेश बघेल को दिया हैं। इससे बड़ा प्रूफ और क्या चाहिए। अगर वे पाक साफ हैं तो क्यों डर रहे हैं। लेकिन 'चोर की दाढ़ी में तिनका' वाली कहावत यहां चरितार्थ हो रही है। दाल में काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अभी दो-तीन दिन पहले शराब घोटाला करने वाला चला गया है। जहां उसे जाना था। छत्तीसगढ़ में भी शराब दुकान में दो काउंटर होता था। एक काउंटर का पैसा सरकारी खजाने में तो दूसरे काउंटर का पैसा सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पास जाता था। दूसरे काउंटर का पैसे का कोई हिसाब किताब नहीं होता था। 2000 करोड़ से ज्यादा का शराब घोटाला हुआ है। कोयला घोटाले के आरोपी भी जेल में हैं। घोटालेबाज कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस का कोई भी नेता लोकसभा चुनाव लड़ने तैयार नहीं हो रहा है। आज कांग्रेस पार्टी डूबती हुई नैया है। आज कांग्रेसियों की लाइन लगी बीजेपी ज्वाइन करने की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हम मोदी जी की गारंटी को पूरा करने में लगे हैं। 25 दिसंबर सुशासन दिवस पर 12 लाख से ज्यादा किसानों का 3716 करोड़ रूपया दो साल का बकाया बोनस दिया। 21 क्विटंल धान की खरीदी की है। सबसे ज्यादा 145 लाख मिट्रिक टन से ज्यादा धान खरीदी की। 12 मार्च को 24 लाख 72000 किसानों के खाते में 13320 करोड़ रुपया भेजने का काम किया। महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख से ज्यादा माताओं - बहनों के खाते में 10 मार्च को हमारे प्रधानमंत्री ने 655 करोड़ रुपये भेजा।

आज मैं मुख्यमंत्री के नाते माताओं - बहनों को कहना चाहूंगा कि हर महीने 7 तारीख के अंदर आप लोगों के खाते में 1000 रुपये आ जाएगा। राम लला दर्शन योजना के तहत सरकारी खर्चे पर छत्तीसगढ़ के लोगों को भगवान राम का दर्शन कराने का बीड़ा भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने उठाया है। तेंदूपत्ता की खरीदी अब 5500 रुपये प्रति मानक बोरा के हिसाब से चरण पादुका योजना फिर शुरू होगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनेगी तो छत्तीसगढ़ का विकास तेजी से होगा। छत्तीसगढ़ में खनिज संपदा भरपूर है। 65 से भी ज्यादा प्रकार का वनोपज है। हमारी सरकार बस्तर और सरगुजा संभाग में ज्यादा फोकस करने वाली है।

## नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन दंतेवाड़ा ने मनाया शहीद दिवस

**बचेली 24 मार्च।** नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन दंतेवाड़ा ने शहीद दिवस पर भारत मां के वीर सपूतों शहीदे आजम भगत सिंह, सुखदेव,



राजगुरु को जय स्तंभ चौक दंतेवाड़ा व बचेली नगर स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की व वीर शहीदों के बलिदान को याद किया। संगठन के प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रियांशु सिंह ने बताया की देश की आजादी में अहम योगदान देने वाले इन बलिदानियों ने अंग्रेजी हुकूमत की नाक में दम कर दिया था। अदालती आदेश के मुताबिक इन तीनों को 24 मार्च 1931 को सुबह आठ बजे फांसी लगाई जानी थी, लेकिन 23 मार्च 1931 को ही इन तीनों को देर शाम करीब सात बजे फांसी लगा दी। आज के दिन ही 23 मार्च 1931 को हुई इतिहास की इस बड़ी घटना को %%शहीद दिवस%% के रूप में मनाया जाता है। नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन ऐसे वीर सपूतों को सेल्यूट करता है। इस मौके पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएम सोनी,प्रदेश उपाध्यक्ष नफीस कुरैशी,प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रियांशु सिंह,जिला अध्यक्ष दिलीप सोनी,जिला अध्यक्ष महिला अकलबती नाग,महिला जिला कोषाध्यक्ष संजू सोनी,संयुक्ता देवांगन,सुखविंदर सिंह,ममता देवांगन,पुखराज सोनी,मलीना चक्रवर्ती,लक्ष्मी यादव,मनोज सोनी,सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

## दलों को मतदान सामग्रियों का वितरण, वापसी हेतु लगी अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 24 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद एवं धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए गठित मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा स्थित काउंटर नंबर 1 में सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कुरूद श्री अमित टण्डन, काउंटर नंबर 2 में श्री पवन कुमार ताम्रकर, काउंटर नंबर 3 में श्री विजय कुमार, काउंटर नंबर 4 में श्री कौस्तुभ तिवारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह काउंटर नंबर 5 में सहायक प्राध्यापक शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी डॉ.रमेश देवांग, काउंटर 6 में श्री मोहित कुमार, काउंटर 7 में प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवपुर श्री प्रेमचन्द्र झा, काउंटर 8 में सहायक प्राध्यापक यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड डॉ.घनश्याम देवांगन, काउंटर 9 में प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल गुहाननाला श्री जगदीश प्रसाद यादव और काउंटर 10 में प्राचार्य, सेजेस सिंगपुर श्री विश्वंभर प्रसाद चंद्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद के काउंटर नंबर 1 में सहायक प्राध्यापक महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय भखारा डॉ.संजय शर्मा, काउंटर 2 में श्री दिनेश कुमार नाग, काउंटर 3 में डॉ.अविनाश आर. निचत, काउंटर 4 में ग्रंथपाल शासकीय महाविद्यालय कुरूद श्री भगतराम देवांगन, काउंटर 5 में सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कुरूद श्री हित नारायण टण्डन, काउंटर 6 में डॉ. ओमजी गुप्ता, काउंटर 7 में सहायक प्राध्यापक महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय भखारा डॉ.लेखराम डोंगरे, काउंटर 8 में व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा श्री नीलकमल साहू, काउंटर 9 में व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुदगुदा श्री शेखर चंद्र ठाकुर तथा काउंटर 10 में व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बगौद श्री महेन्द्र सोरी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी स्थित काउंटर नंबर 1 में सहायक प्राध्यापक शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी श्री दानेश्वर साहू, काउंटर 2 में श्री मधु माधव देव, काउंटर 3 में सहायक प्राध्यापक शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी डॉ.गौकरण जायसवाल, काउंटर 4 में श्री अंकित कुमार बोधवानी, काउंटर 5 में सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कण्डेल श्री संजय पवार, काउंटर 6 में सहायक प्राध्यापक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद श्री मनहरण सिंह साहू, काउंटर 7 में सहायक प्राध्यापक शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी श्री राजेश कुमार, काउंटर 8 में व्याख्याता शासकीय हाईस्कूल देवरी श्री सुरेश साहू, काउंटर 9 में व्याख्याता डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी श्री आलोक मत्स्यपाल और काउंटर 10 में श्री प्रदीप शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने बताया कि मतदान दलों को 25 अप्रैल को सुबह 6 बजे स्थानीय डॉ.भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्नि कॉलेज रूद्री से सामग्री का वितरण किया जायेगा एवं 26 अप्रैल को शाम 6 बजे सामान वापस लिया जायेगा। उन्होंने निर्धारित समयावधि के 1 घंटा पूर्व अपने कार्य स्थल में उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश उक्त अधिकारी, कर्मचारियों को दिये हैं।

## जिले के तीनों विधानसभाओं में सेक्टर अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**धमतरी 24 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आज जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को तीनो विधानसभाओं धमतरी, कुरूद और सिहावा में आज प्रशिक्षण दिया गया। जनपद पंचायत धमतरी, कुरूद और नगरी में आयोजत इस प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियो को सौपे गए रूट चार्ट और मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन की जानकारी निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने कहा गया। जनपद पंचायत धमतरी में आयोजित प्रशिक्षण में एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल ने कहा कि चुनाव कार्य में सेक्टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, उन्हे मतदान के 7 दिन पहले मजिस्ट्रेट की शक्ति प्रदान की जाती है। उन्होने सभी 28 सेक्टर अधिकारियों को उन्हे आबंटित मतदान केन्द्रो का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं-बिजली, पानी, शौचालय, रेम्प, छाया, नेट कनेक्टिविटी आदि का सत्यापन करने और मरम्मत, सुधार की आवश्यकता होने पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रस्तुतीकरण के जरिए सेक्टर अधिकारियों के दायित्वों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही मतदान पूर्व, मतदान दिवस एवं मतदान के बाद किए जाने वाले कार्यो के बारे में बताया गया। उन्हे यह भी सुनिश्चित करने कहा गया कि मतदान केन्द्रों 200 मीटर के दायरे में किसी राजनीतिक दल का कार्यालय नही होना चाहिए। सेक्टर अधिकारियो को अधिकृत वाहनो से ही ईवीएम मशीन ले जाने, मतदान दलो की सहायता, मतदान प्रतिशत की जानकारी भेजने, मतदान के बाद मतदान सामग्री जमा कराने, मतदाताओं के बीच ईवीएम एवं वीवीपेट के बारे में जागरूक करने, चयनित मतदान केन्द्रो में वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने, संवेदनशील मतदान केन्द्रो में विशेष सतर्कता बरतने सहित उनके संपूर्ण दायित्वो के बारे विस्तार से बताया गया।

**एक नजर**

## विधायकों-जनप्रतिनिधियों को लिपिकीय सुविधा तत्काल प्रभाव से मूल विभाग में वापसी

**बीजापुर 24 मार्च ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा 16 मार्च 2024 को निर्वाचन की घोषणा करने के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। अतः निर्वाचन प्रक्रिया समापन तक विधायकों/जनप्रतिनिधियों को दी गई लिपिकीय सुविधा तत्काल प्रभाव से वापस लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को उनके मूल विभाग में कार्यभार ग्रहण कराने के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में ईव्हीएम मशीनों का प्रथम चरण का रेण्डमाईजेशन



**बीजापुर 24 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 बस्तर अन्तर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 89 बीजापुर में निर्वाचन हेतु प्रयुक्त की जाने वाली ईव्हीएम मशीनों का प्रथम चरण का रेण्डमाईजेशन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में एनआईसी कक्ष में सम्पन्न हुआ। इस दौरान सहायक रिर्टनिंग आफिसर श्री जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा रेण्डमाईजेशन की संपूर्ण प्रक्रिया को विस्तृत ढंग से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया गया सभी की सहमति उपरांत रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

## विस्फोटक सहित 2 मिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

**बीजापुर 24 मार्च।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान कोबरा 210 एवं थाना बासागुड़ा की पार्टी गगनपल्ली की ओर निकली थी। अभियान के दौरान गगनपल्ली मुरकीपाड़ पारा के जंगल से पुलिस पार्टी को देखकर छुपते भागते हुए 02 संदिग्ध को पकड़ा गया जिनके पास रखे थैला की तलाशी में थैला से टिफिन बम एवं प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन द्वारा शासन विरोधी पाम्पलेट एवं पर्चा बरामद किया गया ।

## राजस्व विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा भूमिस्वामी

**अंवरी, 24 मार्च।** राजस्व विभाग के अधीनस्थ अधिकारियों ने भूमिस्वामी के भूमि में बड़ा खेला कर दिया है उनके भूमि की नक्शा को छोटा कर दिया है जिससे भूमि स्वामी को करीब 7.5 डिसमिस जमीन की घाटे का सौदा करना पड़ रहा है जिसको लेकर भूमि स्वामी राजस्व न्यायालय में आवेदन दिए थे जिसमें राजस्व न्यायालय ने भूमिस्वामी को जारी किए आदेश में उक्त भूमि में त्रुटिपूर्ण होने से नक्शा छोटा होने का उल्लेख किया है साथ ही राजस्व न्यायालय ने पारित आदेश में उक्त भूमि की नक्शा सुधार करने पर ग्राम की रकबा प्रभावित होने का भी जिक्र किया है लेकिन वहीं ग्राम सुपेला निवासी नंदलाल देवांगन पिता निहाली का कहना है कि ग्राम सुपेला में मेरे नाम से ग्राम सुपेला में खसरा क्रमांक - 260/1,260/2 व 260/3 में भूमि स्तिथ है जो पुराने रिकॉर्ड में रकबा 0.13/0.53 एकड़ भूमि है लेकिन राजस्व विभाग के लापरवाही के चलते मेरे बिना अनुमति खसरा क्रमांक 260/1,260/2,260/3 की भूमि की नक्शा को छोटा कर दिया है जिसके चलते अपने हक से वंचित हो रहा है जिसके उचित न्याय पाने के लिए राजस्व न्यायालय में आवेदन किया गया था लेकिन राजस्व न्यायालय ने नक्शा में त्रुटि बात कर खारिज कर दिया।

जिसके चलते वह अपने स्वयं की भूमि को सही साबित के लिए दर-दर भटक रहा है नंदलाल देवांगन ने शासन प्रशासन से उचित न्याय की मांग कर नए सिरे से जांच कर अपने पुराने नक्शे के अनुसार भूमि की मांग की है।

### शांति समिति की बैठक में सौहार्द्रपूर्वक त्यौहार मनाने की अपील

# होली के हुडदंग पर पुलिस की रहेगी तिरछी नजर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पत्थलगांव, 24 मार्च।** आचार संहिता का असर होली के हुडदंग बाजो पर भी पड़ने वाला है,पुलिस इस मर्तबा होली के त्यौहार पर हुडदंग करने वालों पर अपनी तिरछी नजर रखने वाली है। शुक्रवार को आगामी तीज त्यौहारों को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी थी,जिसमें मुस्लिम समुदाय के साथ होलिका दहन समिती एवं मसीही समाज को भी प्रमुख रूप से बुलाया गया था। दरअसल आगामी कुछ दिनों के अंदर होली के त्यौहार के साथ-साथ मुस्लिम समुदाय की ईद एवं मसीही समाज का गुडफ्राई डे का पर्व आने वाला है। पुलिस इन तीनों ही पर्व को लेकर मुस्तैद है। शुक्रवार को थाना मे शांति समिती की बैठक के दौरान एस.डी.एम आकांक्षा त्रिपाठी,प्रशिक्षु डी.एस.पी थाना प्रभारी भानुप्रताप चंद्राकर,एस.डी.ओ.पी ध्रुवेश जायसवाल एवं तहसीलदार मौजुद थे। प्रशिक्षु डी.एस.पी भानुप्रताप चंद्राकर ने होली का त्यौहार शांति एवं सौहाद्र के साथ मनाने की अपिल की। उन्होने होलिका दहन समिती को भी रात्रि के दौरान किसी प्रकार का हुडदंग ना करने की समझाईश दी है। साथ ही रंग खेलने के दिन मोटरसायकल या अन्य वाहन पर गली मौहल्लो में युवकों को चक्कर ना लगाने की भी समझाईश दी गयी है। उनका कहना था कि एक से अधिक सवारी या हुडदंग करते हुये कोई भी बाईक चालक पकड़ाता है तो उस पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने आचार संहित का हवाला देते हुये कानून व्यवस्था बनाये रखने मे नागरिको से सहयोग की अपिल की है।

**ध्वनि विस्तारक यंत्र पर पाबंदी-**:प्रशिक्षु डी.एस.पी भानुप्रताप चंद्राकर ने आचार संहिता के मददेनजर प्रेशर हॉर्न,तेज ध्वनि वाले सायलेंसर,ध्वनि विस्तारक यंत्रो पर भी नियंत्रण रखने की बात कही। उनका कहना था कि अत्यधिक तेज ध्वनि से यदि किसी प्रकार का शोरगुल किया जाता है तो उनके उपर कठोर कार्यवाही की जायेगी। उनके द्वारा होली के त्यौहार पर बस स्टैन्ड के भीतर रूट में ना चलने वाली बसों को ना खड़े करने की भी बात कही है। उन्होंने होली के त्यौहार पर राजनीति से जुड़े व्यक्तियों के मुखौटे पहनकर खोली खेलने पर भी पाबंदी लगायी है।।

**तीसरी आंख से रखी जायेगी नजर-**:शांति व्यवस्था की बैठक के दौरान प्रशिक्षु डी.एस.पी भानुप्रताप चंद्राकर ने शहर में लगे सभी सार्वजनिक सी.सी.टी.वी कैमरों के अलावा पुलिस द्वारा लगाये गये सी.सी.टी.वी कैमरों की नजर भी दुरस्त करने की बात कही। उनका कहना था कि हुडदंगी यदि पुलिस की नजरो से बचकर निकल भी जाते है तो पुलिस द्वारा लगाये गये चौक-चौराहे के कैमरे से हुडदंगियो का फुटेज निकालकर उन पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने होली का त्यौहार शांति सौहाद्र एवं सुखे रंगों से मनाने की अपील की।

## होली प्रेम,सौहार्द्र एवं उमंगों का त्यौहार



**फिंगेश्वर, 24 मार्च।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में होली का पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने होली की पौराणिक कथा सुनाते हुए कहा कि होली प्रेम, सौहार्द और उमंगो का त्यौहार है.यह बुराई रूपी कचरे को जलाकर अच्छाई रूपी ज्ञान विकसित करता है.रंगों का यह पर्व अन्याय,अत्याचार,ईर्ष्या,द्वेष छल- कपट को भस्म कर न्याय, सदाचार, प्रेम, आनंद एवं निश्चल निर्मल वातावरण सृजन का संदेश देता है. उन्होंने आगे कहा कि हमें मन की मलीनता को त्यागकर आपस में गले मिलकर भाईचारे के साथ मनाना चाहिए.तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों को तिलक लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, गीतांजली नेताम,शिक्षक नकुल राम साहू,रुद्र प्रताप साहू भृत्य आकाश सूर्यवंशी. व छात्र-छात्र उपस्थित थे।

## नाम निर्देशन प्राप्त करने अधिकारी कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

**महासमुंद 24 मार्च ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 09 महासमुंद के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। संबंधित कर्मचारी रिटर्निंग ऑफिसर कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे तथा कार्य समाप्ति के पश्चात रिटर्निंग ऑफिसर से अनुमति प्राप्त कर कार्यालय से प्रस्थान करेंगे लोकसभा निर्वाचन की अधिसूचना घोषित अनुसार नाम निर्देशन की प्राप्ति की जाएगी। इसके लिए अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री उमेश कुमार साहू सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। अधिकारी कर्मचारियों को नामांकन आवेदन की पंजीयन, जांच आवश्यक प्रपत्र पुस्तक इत्यादि प्रत्याशी को उपलब्ध कराने, परिचय पत्र बनाने, पंजी संधारण करने सहित अन्य कार्यों का दायित्व सौंपा गया है।

## प्राथमिक शाला बोरसी में बिदाई कार्यक्रम सम्पन्न



**फिंगेश्वर, 24 मार्च।** शासकीय प्राथमिक शाला बोरसी में बिदाई कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर पाचवीं के छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से विदाई दी गई ।इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप मे प्राथमिक विद्यालय पाली के प्रधान पाठक कमलेज बघेल उपस्थित थे।उन्होंने कहा बच्चे हमेशा शिक्षक के ह्रदय मे रह्ते है. बच्चों को देखकर शिक्षक को वही खुशी होती है जैसे किसान को अपने लहलहाते फ़सल को देखकर होती है.प्रधान पाठक आशा महोबिया ने कहा कि बच्चे भविष्य के राष्ट्र प्रहरी उन्हें संस्कार देना हमारा महती जिम्मेदारी है।

शिक्षिका जितेंद्री यदु ने कहा बच्चे और शिक्षक एक दूसरे के पूरक होते है.इस अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे शिक्षकों ने खूब प्रशंसा की. कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों द्वारा बच्चों को मुँह मीठा कराकर पेन कॉपी उपहार दिया। वही बच्चों ने भी को नारियल व माँ सरस्वती की छायाचित्र भेंटकर सम्मानित किया गया.इस मौके पर शिक्षिका ध्रुव मेडम पिलेश्वरी साहू,सुलोचना निषाद गणेश्वरी निषाद,धान बाई सिन्हा व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## सामाजिक समरसता को समर्पित सनातन धर्म का प्रमुख त्यौहार होली: आनंद




**पत्थलगांव, 24 मार्च।** सामाजिक समरसता को समर्पित सनातन धर्म का होली प्रमुख त्यौहार है। रंगो के साथ-साथ आपसी भाईचारे एवं सौहाद्र से इस त्यौहार को मनाने पर रंगो की खुशिंया और अधिक बढ जाती है। यह कहना प्रमुख ज्योतिषाचार्य पं.आनंद शर्मा का था,उन्होने हालिका दहन से लेकर रंग खेलने तक के त्यौहार का ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विधान बताया है,जिसमे उन्होने होलिका दहन के समय ग्रहो की दशा एवं मुहुर्त पर विशेष ध्यानाकर्षण कराया है। उनका कहना था कि होलिका दहन कर अगली सुबह चैत्र कृष्ण प्रतिपदा मे होली खेलने की परंपरा है,इस बार फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा का आरंभ 24 मार्च सुबह 9 बजकर 24 मिनट से हो रहा है,जो 25 मार्च की सुबह 11.31 मिनट तक रहेगी,अतः 24 मार्च को ही भद्रा समाप्त होने के बाद रात्रि 10 बजकर 27 मिनट के बाद होलिका दहन किया जा सकता है। रंगो का त्यौहार 25 मार्च को मनाया जायेगा,इस दिन कांशी के अलावा पूरे भारत मे रंगो का त्यौहार एक साथ मनाया जा रहा है,उन्होने बताया कि होलिका दहन के साथ रंग खेलना एवं इस दिन के कई महत्वपूर्ण योग है,जिसका पालन करने से जीवन मे सुख समृद्धि लायी जा सकती है। उन्होने बताया कि होली की विभुति यानी भस्म घर जरूर लाना चाहिये। होली की रात हनुमान जी को चोला चढाने से रोगो से मुक्ति मिलती है,उसके अलावा होली की सुबह परिवार के सभी सदस्य पैर के अगुंठे से लेकर हाथ उपर कर उसके बराबर कच्चा सुत नापकर होलिका दहन मे डालने से घर मे कलह खत्म होकर ऐश्वर्य बढता है। उन्होने होली के दिन स्फटिक एवं श्रीयंत्र की पूजा करके आमदनी बढाने का भी उपाय बताया।।

**सजी रंगो की दुकान-**:रविवार की देर रात होलिका दहन यहा के मंडी प्रांगण मे होगा। उसके अलावा अन्य गली मौहल्लो मे भी बालको द्वारा होली बनायी जा रही है,यहा के मंडी प्रांगण मे पिछले पांच दशक से होलिका दहन किया जा रहा है,जिसमे यहा के प्रमुख पुरोहित चंद्रशेखर त्रिपाठी द्वारा विधिविधान से पूजा अर्चना कराकर होलिका दहन करायी जाती है। रंगो के त्यौहार को लेकर बाजार मे 20 से भी अधिक दुकाने सज गयी है,जिनमे दिल्ली,कलकत्ता के रंग गुलाल के साथ इस बार कानपुर एवं बनारस के हर्बल रंग मंगाये गये है। साथ ही दुकानो मे सिलेंडर से छिडकाव करने वाला लाल पीला नीला गुलाल भी मौजुद है।।

## जनसंगठनों ने संविधान व लोकतंत्र की रक्षा हेतु संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया



**रायपुर, 24 मार्च।** स्वतंत्रता आंदोलन के अमर शहीदों भगतसिंह- राजगुरु- सुखदेव की 93 वीं शहादत दिवस के अवसर पर कल 23 मार्च को राजधानी के विभिन्न ट्रेड यूनियनों व जनसंगठनों द्वारा संविधान व लोकतंत्र की हिफाजत व कॉर्पोरेट तथा सांप्रदायिक ताकतों के आपराधिक गठबंधन के खिलाफ संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया द्य रायपुर के शंकर नगर चौक स्थित शहीद भगतसिंह प्रतिमा स्थल पर शाम को संपन्न एक कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय ने मोमबत्तियाँ जलाकर इंकलाब जिंदाबाद , साम्राज्यवाद मुर्दाबाद के नारों व फूल मालाओं के साथ तीनों क्रांतिकारी शहीदों के योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की द्य कार्यक्रम का आयोजन रायपुर डिविजन इंश्योरेंस एम्पलाईज यूनियन, छ. ग. मेडिकल व सेल्स रिप्रेजेंटिव्हज एसोसिएशन, स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया, दलित शोषित मुक्ति मोर्चा, सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एम्पलाईज एसोसिएशन तथा सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था द्य इस अवसर पर संपन्न संकल्प सभा को धर्मराज महापात्र, प्रदीप मिश्रा, श्रीमती नीतू अवस्थी, राजेश पराते, शेखर नाग,संदीप सोनी एवं राजेश अवस्थी ने संबोधित किया द्य वक्ताओं ने कहा कि भगतसिंह और उनके साथियों ने एक समतापूर्ण, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, समाजवादी व आधुनिक भारत के निर्माण के सपनों के साथ ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान कर आम जनता को स्वाधीनता संग्राम में व्यापक रूप से जुड़ने हेतु प्रेरित किया था द्य आज देश व दुनिया को भगतसिंह की सोच, विचारधारा व संदेश को समझने की जरूरत है द्य उनकी लडाई मजदूरों, किसानो, गरीबों, आदिवासियों व समाज के कमजोर तबकों के हित में थी द्य वक्ताओं ने कहा कि भगतसिंह एक बेहतरीन लेखक और पत्रकार भी थे द्य उन्हें जब भी समय मिलता वे किताबों को पढ़ने लग जाते थे द्य उनके पास किताबें हमेशा मौजूद रहती थी द्य भगतसिंह ने साम्यवादी विचारों के प्रति आम जनता को आकर्षित करने असेंबली में बम फेंका था एवं कोर्ट में बयान देकर क्रांतिकारी विचारों का प्रचार किया था द्य भगतसिंह को याद करने का मतलब शोषण, अन्याय, सांप्रदायिकता, अंधविश्वास व रूढ़िवाद के खिलाफ अपनी आवाज उठाना हैद्य वक्ताओं ने कहा कि आजादी के 77 वर्षों बाद आज सांप्रदायिकता व कार्पोरेट के गठबंधन ने संविधान, लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर पुरजोर हमला बोल दिया है द्य श्रम संहिताओं, सी सी ए कानून व कृषि विधेयकों के जरिये मेहनतकशों की आवाज दबाने व उन्हें विभाजित करने के प्रयास जारी है द्य इलेक्टोरल बॉंड जैसे इतिहास के सबसे बड़े घोटालों के साथ केंद्र में सत्तासीन दल लोकतंत्र का मजाक उड़ा रहा है द्य भारतीय इतिहास का यह सर्वाधिक अंधकार पूर्ण दौर है जिस दौर में फ़ासिस्ट राज कायम करने व तानाशाही थोपने की कोशिशें जारी है द्य देश की मेहनतकश जनता ऐसी परिस्थितियों के खिलाफ कड़ा प्रतिवाद दर्ज कर रही है और आगामी दिनों यह लडाई और तेज होगी द्य वक्ताओं ने भारतीय समाज में बढती असमानता पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की द्य उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में मुट्ठी भर पूंजीपतियों के हाथों में दौलत के पहाड़ का इकट्ठा होना एक विस्फोटक स्थिति का संकेत है द्य कार्यक्रम के दौरान जनगीत व भगतसिंह व उनके साथियों के जीवन से संबंधित संस्मरण भी प्रस्तुत किये गये द्य सुरेंद्र शर्मा द्वारा प्रस्तुत आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ ।

## ईडी, आईटी की बैशाखी से चल रही भाजपा: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तानाशाही पर उतर आए हैं। देश की सारी संस्थाओं की ताकत का अपने राजनीतिक मकसद के लिए इस्तेमाल कर विपक्षी दलों के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को टार्गेट कर रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि ईडी और आईटी के बैशाखी के सहारे भाजपा चल रही है। चुनावी इलेक्टोरल बॉन्ड परत दर परत खुलने से भाजपा की पोल भी खुल रही है। देश की जनता देख और समझ रही है कि कैसे विपक्षी नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित समस्त विपक्षी नेताओं को परेशान कर भाजपा चुनावी वैतरणी पार करने साजिश रच रही है।चंद्राकर ने कहा कि राजनीति का स्तर इस तरह से गिराना देश के लिये घातक है। अपने आलोचकों से चुनावी रणभूमि में उतरकर लड़िये, उनका डटकर मुक़ाबला करिए, उनकी नीतियों और कार्यशैली पर बेशक हमला करिए यही लोकतंत्र होता है। मगर इस तरह देश की सारी संस्थाओं की ताकत का अपने राजनीतिक मकसद को पूरा करने के लिए इस्तेमाल करना, दबाव डालकर उन्हें कमजोर करना लोकतंत्र के हर उसूल के खिलाफ है। देश के विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज़ कर दिये गये हैं, तमाम राजनीतिक दलों और उनके नेताओं पर ईडी, सीबीआई, आईटी का दिन रात दबाव है, एक मुख्यमंत्री जेल में डलवा दिये गये हैं, अब दूसरे मुख्यमंत्री को भी जेल ले जाने की तैयारी हो रही है। चंद्राकर ने कहा कि सवाल सिर्फ एक अरविंद केजरीवाल या हेमंत सोरेन का नहीं है। जिस प्रकार से विपक्षी दलों के नेताओं को टारगेट किया जा रहा उनको फंसाया जा रहा, वह देश के लोकतंत्र को समाप्त करने की साजिश।

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या: विक्रम मंडावी



**बीजापुर, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की गिरफ़्तारी लोकतंत्र की हत्या है। अपने जारी विज्ञप्ति में विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि जिस तरह से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को श्ष्ठ ने गिरफ़्तार किया है वह पूरी तरह से असंवैधानिक है, किसी राज्य ने अपना जनमत देकर पूर्णबहुमत से मुख्यमन्त्री बनाया है उन्हें श्ष्ठ द्वारा गिरफ़्तार करना पूरी तरह असंवैधानिक है। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने विज्ञप्ति में आगे कहा कि जिस तरीक़े से देश में भाजपा सरकार के ख़िलाफ़ माहौल है, इलेक्टोरल बॉण्ड को लेकर नाराज़गी है इससे ध्यान भटकाने के लिए देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी लगातार देश के विपक्षी पार्टियों के नेताओं की टारगेट करके उन्हें परेशान करने का काम कर रहे है। विक्रम मंडावी ने कहा अपने आलोचकों से चुनावी रणनीति में उतरकर लड़िये, उनका डटकर मुक़ाबला करिए, उनकी नीतियों और कार्यशैली पर बेशक हमला करिए यही लोकतंत्र होता है, मगर मोदी सरकार देश की सारी संस्थाओं की ताक़त का अपनी राजनीतिक मक़सद को पूरा करने के लिए इस्तेमाल करना, दबाव डालकर देश की संस्थाओं को कमजोर करना लोकतंत्र के हर उसूल के ख़िलाफ़ है। विधायक विक्रम मंडावी ने अपने विज्ञप्ति में कहा कि देश के विपक्ष की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के बैंक खाते फ़्रीज कर दिये गये है। तमाम राजनीतिक दल और उनके नेताओं पर श्ष्ठ, ष्ट्रब्द्ध और द्धज्ञ का ग़लत उपयोग करना गलत है। ऐसे कामों से निश्चित रूप से लोकतंत्र कमजोर होता है।

## दो माओवादियों के शव बरामद

**बीजापुर, 24 मार्च।** दिनांक 22.03.2024 को जिला बीजापुर के थाना गंगालूर क्षेत्रांतर्गत गंगालूर एवं मुतवेंडी से Bijapur DRG/Bastar Fighters/CRPF/CoBRA/STF का बल नक्सल अभियान हेतु रवाना हुये थे। साथ में जिला सुकमा के थाना जगरगुण्डा क्षेत्रांतर्गत सिलगेर से Sukma & Dantewada DRG/Bastar Fighters/CRPF का बल नक्सल अभियान हेतु रवाना हुये थे। अभियान के दौरान लगभग 08ः30 बजे पीडिया के जंगल में Bijapur & Sukma डीआरजी एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ पश्चात् घटना स्थल की सर्चिंग के दौरान 02 माओवादी का शव हथियार के साथ बरामद किया गया है ?आस पास क्षेत्र में पुलिस बल /CRPF/ DRG/STF/CoBRA/Bastar Fighters द्वारा सर्च की करवाई जारी है। इससे पहले दिनांक 22.03.2024 को अभियान के दौरान लगभग जिला सुकमा के थाना जगरगुण्डा क्षेत्रांतर्गत डोडीतुमनार के जंगल में माओवादियों द्वारा लगाये गये आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से बस्तर फाईटर्स (Dantewada) के 02 जवान क्रमशः 01.आरक्षक राकेश कुमार मरकाम 02.आरक्षक विकास कुमार कर्मा घायल हो गये हैं । घायल जवानों को उपचार हेतु रायपुर लाया गया है द्य घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है ।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित विभागों के नोडल अधिकारियों की ली बैठक

**रायपुर 24 मार्च।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अधिसूचित ÷अनिवार्य सेवाओं÷ के राज्य स्तरीय विभागीय नोडल अधिकारियों की आयोजित बैठक में जानकारी दी कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य हेतु 10 सेवाओं को अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किया गया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होता है। छत्तीसगढ़ राज्य में लोकसभा का निर्वाचन तीन चरणों में होगा। बस्तर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए फॉर्म 12घ जमा करने की अंतिम तिथि 25 मार्च 2024, राजनांदगांव, कांकेर एवं महासमुंद में अंतिम तिथि 2 अप्रैल 2024, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर में अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2024 है।प्रारूप 12घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नम्बर, वोटर आईडी नंबर एवं मतदाता सूची में भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही-सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करनी होगी। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी की अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप्प का उपयोग किया जा सकता है जिसमे वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है।बैठक में सभी राज्य स्तरीय नोडल अधिकारियों को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए। जिला स्तर पर नोडल अधिकारीयों को फॉर्म 12घ में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा।बैठक में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विनय अग्रवाल ने जानकारी दी कि नियत समयावधि तक प्राप्त सभी पात्र अनुपस्थित अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए लगातार 3 दिनों तक सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संचालित किया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर की स्थापना की सूचना से निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाएगा ताकि वे मतदान की कार्यवाही के दौरान स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहकर इसका अवलोकन कर सकें। इसके साथ ही सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। प्रत्येक दिवस मतदान उपरान्त पोस्टल वोटिंग सेण्टर से प्राप्त सभी डाक मतपत्रों को ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग रूम में रख कर मतपेटी को सील किया जाएगा। फॉर्म 12 घ में आवेदन प्राप्त होने और इसके स्वीकृत होने पर मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापना की तिथि एवं स्थान सम्बन्धी सूचना प्रदान की जाएगी जिससे कि वे आकर अपना मतदान कर सकें। ऐसे सभी मतदाता मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। इसलिए इन सेवाओं के ऐसे व्यक्ति जो मतदान के दिन मतदान केंद्र जाकर अपना वोट डालने में सक्षम है उन्हें इस सुविधा की पात्रता नहीं होगी और उन्हें आवेदन फॉर्म 12घ नहीं भरना होगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री पी.एस. ध्रुव, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती शारदा अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## पोस्टल बैलेट, ईडीसी, ईटीपीबीएस के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद 24 मार्च ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने पोस्टल बैलेट, ईडीसी, ईटीपीबीएस के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री आशीष कर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी के सहयोग के लिए विधानसभावार अधिकारी कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। विधानसभा क्षेत्र 39 सरायपाली के लिए 14, विधानसभा क्षेत्र 40 बसना के लिए 13 अधिकारी कर्मचारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र 41 खल्लारी में 14 एवं विधानसभा क्षेत्र 42 महासमुंद में 16 अधिकारी कर्मचारियों को नोडल अधिकारी के सहयोग हेतु नियुक्त किया गया है।उक्त सभी अधिकारी कर्मचारियों का प्रशिक्षण 27 मार्च 2024 को 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण के लिए सभी को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

एक नजर

## शहर थाना में शांति समिति की बैठक हुई




भाटापारा, 24 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा भाटापारा नगर में होली पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति समिति की बैठकआयोजित की गई। बैठक में पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकारों, गणमान्य एवं प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में होली पर्व पर नगर में शांति एवं सद्भाव बनाए रखने हेतु अपील की गई। पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में शहर थाना में होली त्यौहार के संबध मे शांति समिती की बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा, एसडीम नितिन तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, थाना प्रभारी भाटापारा शहर योगिताबाली खापर्डे, थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण अमित पाटले, प्रभारी यातायात रितेश मिश्रा, तहसीलदार चित्रा वर्मा शासकीय अधिवक्ता मो. नियाजी खान वरिष्ठ नागरिक गण सतीश अग्रवाल, आशीष जायसवाल, योगेश अनंत, सुरेश भंसाली, छगन शर्मा, अमरजीत सलूजा, एडवोकेट आनंद शर्मा, उपसरपंच अमर सिंह खैरी, अशोक ध्रुव, दिवाकर मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मी पांडे, पुंजराम कोसले, लक्ष्मी नारायण, प्रदीप अनंत, रामखेलावन, दीपक निर्मलकर, अब्दुल कुरैशी जमील खान, नंदकिशोर अग्रवाल, रंजीत गवानी, राजीव शर्मा श्रीचंद छाबड़िया आदि तथा भाटापारा नगर के पत्रकार साथी उपस्थित थे। बैठक मे मुख्य रूप से चर्चा हुई जिसमे. सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप डीजे/धुमाल बजाने से संबंधित नियमो का पालन करने निर्देश दिया गया,. अश्लील/फूहड गाने न बजाये जाये, होली त्यौहार मे होलिका दहन समय पर हो यातायात नियमो का किसी भी प्रकार से उल्लंघन न हो ,. होली त्यौहार मे होली को शालीनता पुर्वक मनाया जाये, एक दुसरे के कपडे फाड कर होली ना खेलने संबधित निर्देश दिये ताकि शाति व्यवस्था बनी रहे, होली पर्व के दौरान पुलिस पार्टी की लगातार एवं नियमित पेट्रोलिंग जारी रहेगा।

# कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मतदान दलों का प्रथम रेंडमाइजेशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 24 मार्च। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। जिसके तहत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03-जांजगीर-चांपा के उप विधानसभा क्षेत्रों 43-बिलाईगढ़, 44-कसडोल एवं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08-रायपुर के उप विधानसभा क्षेत्रों 45-बलौदाबाजार, 46-भाटापारा के लिए आयोग के पीपीआरएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेंडमाइजेशन किया गया। उक्त प्रकिया संयुक्त जिला



कार्यालय के एनआईसी कक्ष में संपन्न हुई। जिसमे जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## 2 से 4 अप्रैल के मध्य होगा पहले चरण का प्रशिक्षण,कलेक्टर ने तैयारी के दिए निर्देश

बलौदाबाजार, 24 मार्च। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए ड्यूटी में तैनात, चुनाव संपन्न कराने में लगे कर्मचारी अधिकारियों की पहली प्रशिक्षण 2 से 4 अप्रैल तक होगी। सभी प्रशिक्षण विकासखंड मुख्यालय में निर्धारित केंद्रों में संपन्न होगी। इस सिलसिले में कलेक्टर के एल चौहान ने सभी तैयारी समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में शामिल होने वाले किसी भी अधिकारी कर्मचारियों को तकलीफनही होनी चाहिए इसका विशेष ध्यान रखें। मास्टर ट्रेनरों को पूर्व से ही सभी सामग्री उपलब्ध हो जानी चाहिए,सभी कक्षो के लिए दो दो ईवीएम मशीन प्रशिक्षण हेतु होनी चाहिए जिससे कर्मचारी अधिक सहजता से मशीन की बारीक जानकारियों से अवगत हो सके। जिससे किसी भी प्रकार गलती से बचा जा सके। साथ ही सभी कर्मचारियों को डाक मत पत्र उपलब्ध कराने कहा गया है। सेंटर के बाहर मॉक पोल, सीआरसी जैसे विभिन्न गतिविधियों के एसवोपी फ्लैक्स लगाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही इस बार ट्रेनिग में आने वाले कर्मचारियों के लिए नाश्ते की जगह भोजन सहित पीने की



पानी सहित समुचित व्यवस्था करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल,सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे,सभी संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर,उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.आर दुबे,सभी एसडीएम,जनपद सीईओ, सीएमओ, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### अभियान के तहत आपराधिक तत्वों व शराब कोचियों पर कार्रवाई

# दो माह में 486 आरोपियों से दो हजार लीटर शराब जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 24 मार्च। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा का पदभार ग्रहण करने के बाद एक नए सकारात्मक विजन के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा एक समेकित बहुउद्देश्यीय कार्यक्रम सृजन अभियान की परिकल्पना की गई। इसके तहत अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार, आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में कम उम्र के बच्चों पर रचनात्मक अभिरुचि जागृत करना, किशोरवय युवाओं में नशे के विरुद्ध जागृति लाना, युवाओं को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान करना एवं सामान्य नागरिकों में भयमुक्त समाज एवं वातावरण का भाव जगाना जैसे महत्वकांक्षी परियोजना प्रारंभ की गई है। साथ ही हर उस आरोपी को जेल के सलाखों के पीछे भेजने, जो कि अवैध रूप से शराब बिक्री करने के धंधे में शामिल है, के विरुद्ध अभियान प्रारंभ किया गया।

सृजन अभियान के तहत दिनांक 01.02.2024 से आज दिनांक 22.03.2024 तक लोगों को पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले अवैध



चखना संचालकों, क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने तथा अवैध महुआ शराब का निर्माण करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध ताबड़तोड़ धरपकड़ कार्यवाही किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में इस डेढ़ महीने की अवधि में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के गोरखधंधे में शामिल आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए गए विशेष अभियान में कुल 470 प्रकरणों में 486 शराब कोचियों को गिरफ्तार कर कुल ?9,09,599 ( नौ लाख नौ हजार पांच सौ निन्नानवे रूपये) कीमत मूल्य का 2228.930 लीटर शराब जप्त किया गया है। सांथ ही जिले की पुलिसिंग को प्रबल, तत्पर एवं सक्रिय बनाते हुए विजिबल पुलिसिंग को पहली प्राथमिकता में रखते हुए, प्रतिदिन संध्या जांच अभियान एवं पैदल पेट्रोलिंग आदि उपाय द्वारा जनता में पुलिस के प्रति सकारात्मक रुझान उत्पन्न करने का कार्य सतत् रूप से किया जा रहा है। चलित थानों का आयोजन, जागरूकता अभियान, मंचीय आयोजन, ग्राम सभा महिला समूह का गठन आदि समेकित प्रयास निरंतर जारी है।

## अलग अलग प्रकरणों में शराब कोचियों से 98 पाव देशी मसाला शराब जब्त

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा आपरेशन सृजन के तहत थाना क्षेत्र में अवैध नशे के कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। 23 मार्च को की गई कार्रवाई कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है। अपराध क्र. 59/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के घटना स्थल ग्राम सीतापार दुर्गा चौक के पास आरोपी प्रकाश यदु पिता यादव



राम यदु उम्र 25 साल साकिन सीतापार थाना हथबंद के कब्जे से 31 पाव देशी मदिरा मसाला शराब कुल 5.580 बल्क लीटर किमती ?3410 को किया गया जप्त। अपराध क्र. 60/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट में घटना स्थल ग्राम मोहभटठा गौठान के पास 29 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब मात्रा 5.220 बल्क लीटर किमती ?3190 आरोपी जीवन यदु पिता फगुराम यदु उम्र 39 साल साकिन मोहभटठा के कब्जे से किया गया जप्त। अपराध क्र* 61/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट में घटना स्थल ग्राम धोधा में आरोपी के घर के सामने 38 पाव देशी मदिरा मशाला शराब मात्रा 6.840 बल्क लीटर कीमती ?4180 अवैध रूप से बिक्री हेतु रखा पाए जाने पर आरोपी युवराज आडिल पिता बंसत आडिल उम्र 21 साल ग्राम धोधा थाना हथबंद से किया गया जप्त। प्रकरण के आरोपियो के विरूध्द प्रभावी कार्यवाही करने में थाना हथबंद से प्रआर राजकुमार ठाकुर, भालचंद ध्रुव, आरक्षक संजय घृतलहरे, चन्द्रकांत कुर्रे, उमाशंकर कुर्रे, प्रशांतधर दीवान, धर्मेन्द्र यादव, प्रवीण वर्मा का विशेष योगदान रहा।

## तिल्दा नेवरा के कांग्रेस के नेता राम गिडलानी बीजेपी में प्रवेश

■ होली न्यूज़

तिल्दा-नेवरा, 24 मार्च । होली न्यूज नगर के कांग्रेस नेता पूर्व मुख्य मंत्री के खास राम गिडलानी बीजेपी के शरण में आ गए क्योंकि तिल्दा नेवरा में अनेक बीजेपी के लोग जो काग्रेस में गए थे वे बीजेपी में आ गए उनको काग्रेस में अकेला अच्छा नही लग रहा था। वहीं एसडीएम प्रकाश टंडन बनाए गए कलेक्टर बलौदा बाजार तिल्दा नेवरा एस डी एम प्रकाश टंडन को बलौदा बाजार का कलेक्टर बनाया गया है पीएमओ ने इनकी अनुसंशा की तो राज्य सरकार ने तत्काल आदेश निकाल कर इनको कलेक्टर पदस्थ किया है श्री टंडन ने तिल्दा नेवरा वासियों को होली के अवसर पर बधाई दी है अनिल अग्रवाल बने ग्रह निगम के अध्यक्ष तिल्दा नेवरा के बीजेपी नेता अनिल अग्रवाल को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने अनिल अग्रवाल का कद बढ़ा दिया। दूसरी ओर राम पंजवानी को सिंधी एकेडमी का अध्यक्ष बनाया गया है। इस तरह नगर के दोनो नेता को खुश किया गया है।

# 'भाबीजी घर पर हैं' मना रहा है हास्य, प्रेम और जिंदादिली के 9 सालों का जश्न!

एण्डटीवी का कल्ट कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' अपने मजेदार किरदारों और दिलचस्प कहानियों से पिछले 9 सालों से दर्शकों का दिल जीतता आ रहा है। इसने भारतीय टेलीविजन पर एक मिसाल कायम की है। इस महीने यह अपनी नौंवी वर्षगांठ का जश्न मना रहा है। इस खास अवसर पर शो के प्रमुख कलाकारों आसिफ शेख (विभूति नारायण मिश्रा) और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी) ने वाराणसी में प्रसिद्ध श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किये और भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। इसके बाद शो से जुड़े सभी कलाकरों और क्रू ने सेट पर केट काटकर अपने स्टाइल में इस बेमिसाल उपलब्धि का जश्न मनाया। इस शानदार उपलब्धि के बारे में बताते हुये एडिट प्प् प्रोडक्शन्स के संजय कोहली ने कहा, ''नौ सालों के इस बेमिसाल सफर को पूरा करना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है और मैं एडिट द्वद्व तथा एण्डटीवी से जुड़े सभी लोगों का एवं खासतौर पर सभी कलाकारों तथा तकनीशियनों का आभारी हूं, जिन्होंने पूरी लगन के साथ कोशिश की, जिसकी वजह से हमारे शो को अपार कामयाबी हासिल हुई है। यह उपलब्धि शो की जबरदस्त लोकप्रियता एवं इसके किरदारों के प्रति दर्शकों के प्यार का प्रमाण है। मैं हमारे दर्शकों का तहेदिल से शुक्रिया अदा करना चाहूंगा, जिनके प्यार एवं सहयोग ने इसे टेलीविजन का एक सबसे पसंदीदा कॉमेडी शो बना




दिया।'' विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे आसिफ शेख ने इस बारे में कहा, ''इंडस्ट्री में तीन दशक से भी ज्यादा समय बिताने और अनगिनत किरदार निभाने के बाद, विभूति नारायण मिश्रा के किरदार के लिये मुझे जो प्यार और तारीफमिली है, वह अनमोल है। मैंने कभी नहीं सोचा था मैं किसी एक किरदार को नौ सालों तक निभाऊंगा, लेकिन 'भाबीजी घर पर हैं' ने उस मुकाम को पार कर लिया है और हमारा इरादा इसे ऐसे ही आगे बढ़ाने का है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिये, मैं अपनी ऑनस्क्रीन पत्नी अनीता (विदिशा श्रीवास्ताव) के साथ भगवान शिव का आशीर्वाद लेने के लिये वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर गया। बनारस की गलियों में घूमकर और अपने प्रशंसकों से मिलकर हमें बहुत खुशी हुई। इसके बाद हमने पूरी टीम के साथ शो के सेट पर केक काटकर और स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाकर जश्न मनाया। इस सफलता पर अपने अनुभव को लेकर मैं सिर्फ इतना ही कह सकता हूं कि यह मेरी खुशकिस्मती है।'' रोहिताश्व गौड़, जोकि इस शो में मनमोहन तिवारी का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, ''नौ वर्षों की कामयाबी की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने पर मैं पूरी टीम को तहेदिल से बधाई देना चाहूंगा। यह हम सभी के लिये बहुत मायने रखता है और हमने केक काटकर इस सफलता का जश्न मनाया। इस शो से मुझे बहुत लगाव है, क्योंकि इसने मेरे करियर को बनाने एवं अपने बेमिसाल दर्शकों के साथ जुड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुझे अपनी शूटिंग के शुरूआती दिन बहुत अच्छी तरह से याद हैं। मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि हम एक टीम के रूप में नौ साल पूरे करेंगे।

# फैशन के मामले में डेनिम का सदाबहार आकर्षण!

कलाकार डेनिम फैशन के सदाबहार आकर्षण को हमेशा से पसंद करते आये हैं। डेनिम अपनी सहज स्टाइल और तरह-तरह से उपयोग करने की अपनी खासियत के कारण दुनियाभर के वार्डरोब में आसानी से मिलता है। डेनिम एक ऐसी जीवनशैली को दर्शाता है, जो आरामदायक और खूबसूरत है। एण्डटीवी के कलाकारों ने भी अपना स्टाइल दिखाने के लिए डेनिम को भरोसेमंद माना है। इन कलाकारों में शामिल हैं राहुल जेठवा, गजल सूद (कैट, 'हप्पू की उलटन पलटन') और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। एण्डटीवी के शो 'अटल' में अवध बिहारी वाजपेयी बने राहुल जेठवा ने कहा, ''रोजाना की जिंदगी के लिए डेनिम मेरी पहली पसंद है, क्योंकि इससे स्टाइल और आराम, दोनों मिलते हैं। चाहे डिस्ट्रेस्ड जीन्स का रग्ड लुक हो या डेनिम जैकेट की क्लासिक शान, या ब्लैक डेनिम की सम्मोहक खूबसूरती, डेनिम अपना स्टाइल दिखाने के लिये अनेक विकल्प देता है। कई तरह के रंगों और छटाओं में इसकी विविधता आपको आसानी से एक से दूसरे अवसर के लिये तैयार कर सकती है।



# होगा ढेर सारा मनोरंजन!

एण्डटीवी के शो 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' के दर्शक अपने पसंदीदा कलाकारों को दिलचस्प हालातों में देखेंगे। एण्डटीवी के 'अटल' की इस हफ्ते की कहानी के बारे में बताते हुये कृष्ण बिहारी ने कहा, ''आलोक की जबरदस्ती शादी कराई जा रही है और वह अपनी हल्दी सेरेमनी को छोड़कर अपनी पत्नी विमला (प्रचिती अहिराव) से मिलने मोहल्ला में जाता है। वह उसे बताता है जब तक उसके माता-पिता विमला को स्वीकार नहीं कर लेते, वह अपने घर वापस नहीं लौटेगा। अगले दिल मोहल्ला में हर कोई होली खेलता है। होली के इस जश्न के दौरान, हम कृष्ण बिहारी (आशुतोष कुलकर्णी) और उनके



पिता के श्यामल वाजपेयी (मिलिंद दस्ताने) के बीच एक भावनात्मक पल भी देखते हैं। अवध (राहुल जेठवा) भी वहां पर आता है और अपने रूखे व्यवहार के लिये अपने पिता से माफी मांगता है। एक ओर जश्न पूरे जोरों पर है, लेकिन अटल कहीं नजर नहीं आ रहा है। बाद में इस बात का खुलासा होता है कि अटल होली खेलने के लिये दूसरे मोहल्ले में गया हुआ है, क्योंकि यह उसका होली का रिवाज है। वापस लौटने पर अटल मोहल्ले के बाकी लोगों के साथ तोमर को भी गुलाल लगाता है। हालांकि, तोमर को होली खेलने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

# 'पश्मीना' के कलाकारों ने दर्शकों को दिया धन्यवाद

दो प्रेमियों, पश्मीना (ईशा शर्मा) और राघव (निशांत मलकानी) की कहानी बताने वाला, सोनी सब का शो 'पश्मीना - धागे मोहब्बत के' इस सप्ताह समाप्त हो रहा है। कश्मीर की खूबसूरत पृष्ठभूमि पर आधारित, दर्शकों को न केवल लैंडस्केप से, बल्कि मुख्य जोड़ी से भी प्यार हो गया, जिनकी केमिस्ट्री ने उन्हें महीनों तक स्क्रीन से बांधे रखा। एक लिमिटेड सीरीज़ के रूप में लॉन्च किया गया, यह शो अपने समापन पर पहुंच गया है और 23 मार्च को इसका अंतिम एपिसोड प्रसारित होगा। समापन से पहले, इसके कलाकारों ने दर्शकों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया। पश्मीना की भूमिका निभाने वाली



ईशा शर्मा ने कहा, ÷इस शो का हिस्सा बनने का अनुभव अद्भुत रहा है, कुछ ऐसा जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी। कश्मीर में निशांत मलकानी, हितेन तेजवानी और गौरी प्रधान के साथ काम करना शानदार रहा है। इस पूरे सफर के दौरान , मैं हमारी टीम के समर्पण और ऊर्जा से प्रेरित हुई हूं। सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं अपने साथी कलाकारों और निर्देशकों के संपर्क में रहने और भविष्य में साथ मिलकर अपनी सफलताओं का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हूं। मैं मुझे स्वीकार करने के लिए दर्शकों का भी धन्यवाद करना चाहूंगी। राघव की भूमिका निभाने वाले निशांत मलकानी ने कहा, ÷मुझे मुख्य भूमिका निभाने का मौका देने के लिए, मैं चैनल और निर्माताओं को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। कश्मीर में शूटिंग करना अविश्वसनीय अनुभव था - यह पहला टीवी शो है, जिसे पहाड़ों से घिरी हुई लुभावनी जगह में फिल्माया गया है। यहां ठंड बहुत थी, जिससे शूटिंग थोड़ा मुश्किल हो गया, लेकिन इसे सफल बनाने के लिए मुझे अपनी टीम पर बहुत गर्व है। ऐसे अद्भुत सह-कलाकारों के साथ काम करना खुशी की बात है। सबको ढेर सारा प्यार, और इसमें शामिल सभी लोग और हमें इतना प्यार देने वाले दर्शकों को बहुत-बहुत धन्यवाद।अविनाश की भूमिका निभा रहे हितेन तेजवानी कहते हैं, ÷जब हमने शुरुआत की थी, तो हमें पता था कि यह लिमिटेड सीरीज़ होगी, हालांकि, जब कोई शो समाप्त होता है, तो आपको दुःख महसूस होता है।

## डेलबार आर्य ने अपनी फिल्म दमदा की शूटिंग की सिर्फ 23 दिनों में पूरी



अभिनेत्री डेलबार आर्य ने अपनी फिल्म दमदा की शूटिंग पुरे होने पर कहा, ÷हम एक दिन में सिर्फ 3-4 घंटे सोते थे और हमने 23 दिनों में पूरी फिल्म की शूटिंग ख़तम की। डेलबार आर्य पॉलीवुड उद्योग में महत्वाकांक्षी नामों में से एक है, अभिनेत्री जिसने उद्योग में कई हिट गाने दिए हैं और प्रसिद्धि हासिल की है लेकिन अभिनेत्री फिर से एक बार सुर्खियों में है क्योंकि अभिनेत्री ने हाल ही में अपनी आने वाली पंजाबी फिल्म ÷दमदा÷ की शूटिंग पूरी करके सुर्खियां बटोरी है। इन्टेन्स शूटिंग शेड्यूल के बारे में जानकारी देते हुए डेलबर कहती है, ÷हमने आखिरकार केवल 23 दिनों में फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है, दिन-रात कड़ी मेहनत के साथ दिन में केवल 3-4 घंटे की नींद के साथ, हमने दिन-रात शूटिंग की और शूटिंग पूरी की।

# टीवी सितारे रंगों से भरे त्यौहार होली में रंगने के लिये तैयार!

होली का त्यौहार बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है। यह बसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होता है। इसमें लोग मिलकर जीवन के रंगों का उत्सव मनाते और आनंद लेते हैं। इस त्यौहार को लेकर भारत के हर राज्य का अपना एक अनोखापन होता है। ऐसे में संस्कृतियों और परंपराओं का एक विविधतापूर्ण संगम बन जाता है। उत्सव मनाने के विभिन्न तरीकों पर बात करते हुए, एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने-अपने होमटाउन में होली की अनूठी परंपराओं के बारे में बताया। इन कलाकारों में शामिल हैं- 'अटल' के और व्योम ठक्कर (नन्हा अटल), 'हप्पू की उलटन पलटन' की चारुल मलिक (रुसा) और 'भाबीजी घर पर हैं' के सानंद वर्मा (अनोखेलाल सक्सेना) और वैभव माथुर (टीका)।

गुजरात के होली उत्सव पर जानकारी देते हुए, एण्डटीवी के शो 'अटल' में नन्हे अटल की भूमिका निभा रहे व्योम ठक्कर ने कहा, ''गुजरात में होली का त्यौहार बड़ी खुशी से दो दिनों तक मनाया जाता है। पहले दिन की शाम को लोग अलाव जलाते हैं और उसकी आग में कच्चा नारियल और मक्का डालते हैं। दूसरे दिन को धुलेटी कहा



जाता है, जब रंगों से भरा त्यौहार मनाया जाता है। इस दौरान लोग मजेदार तरीके से एक-दूसरे पर रंगीन पानी डालते और रंग लगाते हैं। मशहूर तटीय शहर द्वारका के द्वारकाधीश मंदिर में संगीत और कॉमेडी के साथ होली मनाई जाती है। अहमदाबाद में एक अनोखी परंपरा है, जिसमें गलियों पर छाछ का एक बर्तन टांगा जाता है। नये लड़के मानव पिरामिड बनाकर उन्हें तोड़ते हैं, जबकि लड़कियाँ रंगीन पानी की बौछारों से उन्हें रोकने की कोषिष करती हैं। कुछ संयुक्त हिन्दु परिवारों में एक मजेदार परंपरा होती है। इसमें महिलाएं साड़ियों का रोल बनाकर अपने जीजा को पीटती हैं, अगर वे उन पर रंग लगाने की कोषिष करते हैं। इसके बाद सद्भावना के प्रयास में वे एक-दूसरे को मिठाई खिलाते हैं। त्यौहार पूरे उत्साह और प्रेम के साथ मनाया जाता है। गुजरात के कुछ हिस्सों में लोग पारंपरिक नृत्य करते हैं, जैसे कि गरबा और डांडिया रास। इससे उत्सव में सांस्कृतिक समृद्धि और एकता का भाव आता है।

## एक नजर

### ब्राह्मण समाज ने खेली फूलों की होली



**रायपुर, 24 मार्च।** छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति द्वारा होली मिलन एवं महामूर्ख सम्मेलन सम्मेलन में छत्तीसगढ़ी हास्य व्यंग फाग गीत और गम्मत की धूम रही। नन्हे मुन्ने बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने सबका मनमोहन लिया। महेश वर्मा की संस्था लोकमया छत्तीसगढ़ी हास्य व्यंग और फाग गीत ने दर्शकों को लगभग 2 घंटे तक हंसने और झूमने पर मजबूर किया। विप्र भवन में आयोजित होली मिलन एवं महामूर्ख सम्मेलन में फूलों की होली के साथ मस्ती और धमाल ने इस होली को यादगार बनाया। समारोह के संयोजक अविनाश शुक्ला ने होली को नए ढंग और रंग से मनाने के लिए सहयोग करने वाले सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। समारोह को सफल बनाने में विप्र महिला शक्तिमंडल के सदस्य भारती किरण शर्मा, प्रीति शुक्ला, सरिता शर्मा और सुनीता मिश्रा मैं विशेष सहयोग किया। इस अवसर पर ज्ञानेश शर्मा, उमाकांत शर्मा, नटराज शर्मा, आनंद पांडेय, डॉ. ध्रुव पांडेय एवं संजय दीवान सहित छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।समारोह की संचालन सनजिकता शुक्ल द्वारा रोचक और रचनात्मक ढंग से किया गया।

### फाग गीतों के साथ होली मिलन संपन्न



**रायपुर, 24 मार्च।** महादेव घाट रायपुरा परिक्षेत्र बेटी बचाओ मंच के होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम खारुन तट के हनुमान मंदिर में हर्ष व उल्लास के साथ संपन्न हुआ। पदाधिकारियो ने राम मंदिर की झांकी के साथ प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा तथा शिखा शर्मा की उपस्थिति में रंग गुलाल के साथ फूलों की होली खेली। मंच पदाधिकारी अंजली शर्मा, गोपाल शर्मा, गणेश शर्मा, सुनील शर्मा, वीणा तिवारी, सुधा शर्मा, शारदा मिश्रा, नीतू शर्मा, ममता शर्मा, कविता शर्मा, गीता विश्वकर्मा की टीम ने ढोलक, तबला, डफली, खंजरी, मजीरा, के सुमधुर संगीतमय गीतो के साथ थिरकते हुए खूब आनंद लिया। फाग गीत प्रस्तुति पर रत्ना शर्मा, शिखा शर्मा, मनीषा मिश्रा, इमला ठाकरे, ज्योति शर्मा, सुमन ठाकुर, प्रमिला कोपुलवार, भारती रोमनाथ शर्मा, सरला इंग्ले, पिंकी यदु, सूर्यकांता सोनी, सरस्वती साहू, रुचि पांडे, पूनम खत्री, अनुपमा भट्ट, ने कई पुरस्कार अपने नाम किए। विजेताओं को प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने पुरस्कृत किया।

### व्यापारी संघ ने मनाई होली



**रायपुर, 24 मार्च।** श्री गुरुनानक चौक व्यापारी संघ का होली मिलन कार्यक्रम कपिल मुनि काम्प्लेक्स प्रांगण में बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में संघ के सभी व्यापारी सम्मिलित हुए और होली मिलन का भरपूर आनंद लिए। इस कार्यक्रम में व्यापारी संघ से श्याम माहेश्वरी जी विष्णु ड्रोलिया जी दिलीप ड्रोलिया जयराज आर्य जी मुरारी श्याम साव श्रीविष्णु साव जी सुरिंदर सिंह जी विजय शादीजा जी हरीश छाबड़ा महेश जेठानी जी लवली अरोरा जी राम घुरिया जी इंदर डोडानी जीऔर बहुत बड़ी संख्या में संघ के व्यापारी भाई सम्मिलित हुए

### मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश घोषित

**नारायणपुर, 24 मार्च।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीत्तगढ़ राज्य में मतदान 03 चरणों में सम्पन्न कराया जाएगा, प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) द्वितीय चरण में 28 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) एवं तृतीय चरण में 07 मई 2024 (मंगलवार) नियत की गई है। लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु बहुत से मतदाता जो निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकानों औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजित हैं ऐसे नियोजित, कार्यरत प्रत्येक कामगार को मतदान दिवस के दिन मताधिकार का उपयोग करने के लिए लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 135 ख के प्रावधानुसार संबंधितों को सवैतनिक अवकाश प्रदाय किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन मांझी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नारायणपुर (अजजा) अंतर्गत जिला नारायणपुर में आने वाले 127 मतदान केन्द्रों में नियोजित किये जाने वाले मतदान कर्मियों का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया, जिसमें 10 संगवारी मतदान केन्द्र, 05 युवा मतदान केन्द्र, 01 दिव्यांग मतदान केन्द्र को छोड़कर शेष सभी मतदान केन्द्रों के लिये कुल 556 मतदान कर्मियों का रेण्डमाईजेशन कर चिन्हांकित किया गया।




# दरख्तों से ताल्लुक का हुनर सीख ले इंसान... जड़ों में जख्म लगते हैं तो टहनियाँ सूख जाती हैं...

दिल्ली के सीएम अरविन्द केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है, आप का कहना है कि अरविन्द जेल से ही सरकार चलाएंगे..! भारत में अब तक मौजूदा सीएम को गिरफ्तार नहीं किया गया है।हालांकि पहले देश के 5 मुख्यमंत्रियों पर शिकंजा कसा गया था, लेकिन गिरफ्तारी के पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को 31जनवरी 2024 को सीएम पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद ईडी ने भूमि घोटाला मामले में गिरफ्तार कर लिया था।मई 1997 में चारा घोटाले के एक मामले में सीबीआई ने लालू यादव पर शिकंजा कसा था।उस वक्त लालू बिहार के सीएम थे।लालू यादव ने राबड़ी देवी को सीएम बना दिया था।जेल जाने से तमिलनाडु की सीएम जयललिता को भी कुर्सी छोड़नी पड़ी थी। 20 14 में आय से अधिक संपत्ति के मामले में जय ललिता को दोषी पाया गया था, फैसले के तुरंत बाद जयललिता ने पन्नीरसेल्वम को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त कर दिया, 2011 में लोकायुक्त की एक रिपोर्ट के बाद कर्नाटक के सीएम येदियुरप्पा की कुर्सी छिन गई थी।कर्नाटक के लोका युक्त ने एक रिपोर्ट जारी कर कहा था कि राज्य का सीएम ऑफिस अवैध उत्ख नन कार्य में एक्टिव है। इसके बाद येदियुरप्पा भी पार्टी से नाराज होकर पद से इस्तीफा दे दिया, इसके बाद डीवी सदानंद गौड़ा को सीएम बनाया गया, सीएम की कुर्सी छोड़ने के बाद येदियुरप्पा को गिरफ्तार कर लिया गया था।2003 में दिग्विजय सिंह को सत्ता से बेदखल करने के बाद भाजपा ने उमा भारती को मप्र सीएम बनाया था। कर्नाटक कोर्ट के एक वारंट ने उमा की मुश्किलें बढ़ा दी थीं।उमा पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई थी।तब सीएम पद से इस्तीफा देकर बाबूलाल गौर को अपना उत्तराधिकारी बनाया था।

### 3 सीएम पहले भी चुनाव हार चुके हैं छत्तीसगढ़ में

छत्तीसगढ़ में इस बार के लोकसभा चुनाव में एक और पूर्व सीएम भूपेशबघेल भी मैदान में है, मप्र के दो तथा छग के एक सीएम को बाद के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था, मप्र के सीएम रहे श्यामाचरण शुक्ला तो बतौर सीएम ही पवन दीवान से विधानसभा चुनाव हार गये थे, छग बनने के बाद लोकसभा चुनाव में रमेश बैस से हारका सामना करना पड़ा था।मप्र सीएम रहे मोतीलाल वोरा भी बाद में लोस चुनाव ही डॉ रमन सिह से हार गये थे वहीं छग बनने के बाद पहले सीएम अजीत जोगी ने पहले लोस चुनाव में कद्दावर नेता विद्या चरण शुक्ल को पराजित किया, फिर उसी लोकसभा से उन्हें ही हार का सामना करना पड़ा था। छग के पूर्व सीएम बघेल, राजनांदगांव लोस प्रत्याशी हैं, वे तो पहले रायपुर, दुर्ग से लोस चुनाव हार चुके हैं, वैसे इस लोस चुनाव में तो कांग्रेस कीजीत की संभावित सीट में भूपेश का नंबर पहला है,




महादेव ऐप मामले में उनकेखिलाफ एफआईआर करने से हम दर्दी मिलेगी ऐसी भी चर्चा है।अब अन्य पूर्व सीएम की हार पर चर्चा करें।1977 में आपातकाल के बाद विधान सभा चुनाव हुए तो मप्र में कांग्रेस बुरी तरह हारी थी, खुद सीएम श्यामाचरण ही राजिम सीट से जनतापार्टी के संत कवि पवन दीवान से चुनाव हार गए थे, श्यामा चरण शुक्ल की पहली हार थी, रमेश बैस ने वर्ष 2004 में श्यामाचरण शुक्ल को रायपुर लोकसभा चुनाव में हराया था और वर्ष 2009 में छग के बाद में सीएम बने भूपेश बघेल को हरा दिया था।मप्र के सीएम रहे मोती लाल वोरा को 1999 के राजनांदगाव लोकसभा चुनाव में डॉ रमन सिंह के हाथों पराजित होना पड़ा।वोरा, पहली और आख़री बार चुनाव हारे थे, हारने के बाद उन्हें पुनर्वास की जरूरत थी। सोनिया गाँधी ने 2002 में राज्यसभा भेज दिया।खुद विधानसभा चुनाव हारने के बाद वोरा को लोस में हराने के बाद डॉ रमन सिंह, अटल मंत्रि मंडल में शामिल हुए, छग राज्य बनने के बाद15 साल तक सीएम रहे, आईपीएस, आईएएस, राज्यसभा, लोकसभा होकर जोगी, छग के पहले सीएम बने और उप चुनाव जीतकर विधायक बने।बाद में महासमुंद लोक सभा सीट पर 2004 के चुनाव में विद्याचरण शुक्ल को पराजित किया।जोगी कांग्रेस से तो शुक्ल भाजपा से प्रत्याशी थे। 2014 से पहले ये रिकॉर्ड रहा है कि किसी पार्टी को लगा तार दो बार जीत नहीं मिली लेकिन भाजपा के चंदूलाल साहू ने मिथक को तोड़ने में कामयाबी पाई।2014 में महासमुंद से दोबारा जीतने वाले भाजपा के चंदूलाल साहू ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं छग के सीएम अजीत जोगी को1217 वोटों के बेहद कम अंतर से हराया था। विद्याचरण शुक्ल ने सर्वाधिक 6 बार यहां से जीत हासिल की तोभाजपा के चंद्रशेखर साहू के नाम 3 बार हारने का भी रिकॉर्ड है।दिग्गज कांग्रेसी नेता विद्याचरण शुक्ल ने यहीं से राजनैतिक करियर की शुरु आत की थी।बतौर सांसद अपने 9 कार्यकाल में से शुक्ल ने अपने पहले चुनाव समेत 6 चुनाव महासमुंद से ही जीते थे। 2004 में जब वे राकाँपा होकर भाजपा में शामिल हो गये थे।इसी क्षेत्र में लौटकर आए, कांग्रेस के अजीत जोगी से हार गये, चुनाव में चंदूलाल साहू नामक 11उम्मीदवार थे, कहा जाता है कि इनको चुनाव लड़ाने के पीछे जोगी की भूमिका थीज़?देखना है कि भूपेश बघेल का इस बार चुनाव परिणाम क्या आता है?वैसे राजनांदगांव का चुनाव पूर्व सीएम डॉ रमनसिँह, वर्तमान डिप्टी सीएम विजय शर्मा की भी आगामी राजनीति की दिशा तय करेगा यह तय है?



### रामगोपाल और विनोद वर्मा पर गंभीर आरोप?

छग कांग्रेस के पूर्व महा सचिव अरुण सिसोदिया ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्र वाल के मित्र, पूर्व सीएम भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के बेटे की कंपनी टेसू मीडिया लैब, गाजियाबाद को 5 करोड़ 89 लाख रुपये पूर्व प्रदेशअध्यक्ष मोहन मरकाम प्रभारी महामंत्री की जान कारी, अनुमति के भुगतान करने का आरोप लगाकर जाँच की मांग की है।आरोप है कोषाध्यक्ष को कार्यादेश जारी करने की अनुमति नहीं है, पार्टी के संविधान के मुताबिक कार्यकारिणी में प्रस्ताव पास करना जरूरी है, साथ ही प्रदेश अध्यक्ष से नोटशीट पर अप्रूवल लिया जाना भी जरूरी है, पूर्व महामंत्री ने अपने पत्र में ये भी लिखा है कि पार्टी के सरकार में आने के बाद भी संगठन को कोई आर्थिक मदद नहीं दी गई, कई बार बैठक और प्रभारी कुमारी सैलजा से अनुरोध करने के बाद ब्लॉक, जिला अध्यक्ष को संगठन के कार्य करने के लिए 5 से 10 हजारतक नहीं दिया गया, वहीं अपने परिवार के लोगों को एक कमरे में बैठकर कार्यादेश जारी कर दिए गए, निजी लोगों को गवाह बनाकर भुगतान किया गया, पूर्व महामंत्री ने आगे लिखा है रकम 10 लाख, 6 लाख, 3 लाख, कुल 19 लाख रुपये प्रतिमाह का भुगतान किया गया है ये वर्तमान से 10 गुना है, इस वक्त 20 लोगों की टीम प्रतिमाह 3 लाख में काम कर रही है?

### पत्रकार:कैरियर और स्टैण्ड एक साथ नहीं..?



पिछले कुछ सालों से मिडिया की भूमिका पर सार्वजानिक चर्चा, गोदी मिडिया, गैर गोदी मिडिया, पत्रकारों की नौकरी दांव पर लगी होने के बीचज़ !एक बार एक साधारण व्यक्ति ने खुश होकर एक पत्रकार को नई साइकिल भेंट कर दी, उसमें कैरियर नहीं था।पत्रकार बहुत खुश हुआ, कैरियर लगवाने एक दुकान पर गया, पत्रकार ने दुकानदार से कहा कि 'मैं एक बड़ा पत्रकार हूँ, इस लिये मुनासिब दाम में एक बढ़िया सा कैरियर इस साइकिल में झटपट लगा दो' ।दुकानदार ने कैरियर तो लगा दिया, फ़िर पता नहीं उसके दिमाग में क्या सूझा कि उसने साइकिल से स्टैंड खोलकर हटा दिया, पत्रकार ने अचरज़ से इसका कारण पूछा, तो दुकानदार बोलाज़ श्रीमान एक पत्रकार का कैरियर और स्टैंड दोनों एक साथ नहीं हो सकते?अगर स्टैंड लोगे, तो समझो कैरियर गया और अगर कैरियर बनाओगे तो फ़िर स्टैंड नहीं ले सकतेज़?

### और अब बस

- » छग सरकार ने डीजी संजय पिल्ले को हटाया क्याअब पूर्व डीजीपी डीएम अवस्थी की बारी हैज़?
- » छग के सभी मंत्री तनाव में हैं क्योंकि लोस मेंभाजपा प्रत्याशी नहीं जीता तो मंत्री पद गया ?
- » बिलासपुर जिले के कलेक्टर अवनीश शरण को जिला अस्पताल के निरिक्षण में 30 में से 28 डॉक्टर गायब मिले..!

# राजनीति के बड़े चेहरों का गर्दन नापेगी ईडी

## महादेव एप, कोयला-शराब घोटाले में कार्रवाई की तैयारी

**रायपुर, 24 मार्च।** शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद ईडी छत्तीसगढ़ में भी राजनीति व प्रशासन के बड़े चेहरों को जेल की हवा खिलाने की तैयारी कर रहा है। यहां ईडी महादेव एप, कोयला व शराब घोटाले की जांच कर रही है। हमारे विश्वस्त सूत्रों ने बताया है कि ईडी के अधिकारियों ने राजनीति से जुड़े उन शक्लों की पहचान कर ली है जिन्होंने शराब व कोयला घोटाले में अपनी जेबें गर्म की है। जेब गर्म करने वालों में कुछ बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। यह पूरा मामला प्रदेश में भूपेश बघेल सरकार के समय का है। लिहाजा साफ है दोनों हाथों से छत्तीसगढ़ को लूट कर धन बटोरने वालों में कांग्रेस के मुंह लगे व खासमखास नेता शामिल हैं। कुछ पुलिस अधिकारियों के भी नाम सामने आए हैं। इन सबको ईडी अपने लपेटे में लेगा। शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है। दस्तावेजी सबूत जुटा लेने की जानकारी मिली है। कुछ विशेष चेहरों को तो समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा। फिर उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। सूत्रों का कहना है कि इन दागी नेताओं व अफसरों का जेल जाना तय है। सूत्रों की मानें तो ईडी बड़ी कार्रवाई करने वाली है। यहां एक बड़ा धमका होगा। इससे कई चेहरां से नकाब तो हटेगा ही असली चरित्र भी सामने आ जाएगा। भ्रष्टाचार के इस मामले में पूर्व में कुछ छोटी मछलियों के साथ मगरमच्छ पकड़ में आए हैं और जेल की हवा खा रहे हैं। इनमें मुख्यमंत्रीत्व काल में भूपेश बघेल की अतिविश्वास पात्र रहीं सौम्या चौरसिया, आईएएस रेणु साहू, नेता सूर्यकांत तिवारी शामिल हैं। अब घड़ियालों की गिरफ्तारी होनी है। महादेव एप भी बहुत बड़ा घोटाला है। इसके तार दुबई से जुड़े हैं। बताया जाता है कि महादेव एप से यहां करोड़ों का डमरू बजाया गया है। इस मामले में ऊंची राजनीति से जुड़े कुछ संदेहियों के नाम सामने आ गए हैं।

# दक्षिण विधानसभा मेरा परिवार : बृजमोहन

**रायपुर, 24 मार्च।** कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने दक्षिण विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा रायपुर की जनता से इतना आत्मीय स्नेह और प्रगाढ़ संबंध है कि मैं इसे शब्दों में नही बया कर सकता। पहले जब रायपुर दक्षिण विधानसभा के अलावा जब अन्य विधानसभाओं में जाता था तो जनता कहती थी कि आप हमारे अपने हैं और शायद यही कारण है कि नरेंद्र मोदी ने लोकसभा की टिकट दी जिससे मैं सिर्फएक नही अपितु रायपुर लोकसभा की सभी 9 विधानसभा की जनता के हितों की रक्षा कर सकूं। प्रदेश के विकास की एक एक ईंट भाजपा सरकार ने रखी आप सभी जब जनता से पूछेंगे की यह निर्माण किसने करवाया तो उनका भी जवाब यही होगा की भाजपा ने बनाया बृजमोहन, राजेश मूणत, अजय चंद्राकर ने बनाया तो उनके बीच जाकर हक़ से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की मांग करना है। कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में



जहां वोटिंग 62त्न हुई और 60 हजार से अधिक मतों से मुझे विधायक बनाया अब आप सभी को और अधिक मेहनत करके दक्षिण विधानसभा का वोट प्रतिशत 75त्न तक ले जाने हेतु मेहनत करना है और तब जाकर हम लोकसभा चुनाव के 1 लाख से अधिक वोटों की लीड हासिल कर सकेंगे।

रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी ने कहा कि हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी सभी मोर्चा प्रकोष्ठ अपने अपने मोर्चे से संबंधित वर्ग में समूह बनाकर डोर टू डोर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जनहितों की योजनाओं से जनता को अवगत करवाएं। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाएं जिससे प्रदेश की जनता सीधा लाभान्वित हो रही उन सभी योजनाओं से अवगत कराएं।

विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि रायपुर के विकास के हर ईंट में बृजमोहन अग्रवाल का योगदान दिखेगा, छत्तीसगढ़ को दशा दिशा निर्धारित करने में बृजमोहन अग्रणी रहे हैं। जब प्रदेश में अपराध चरम पर था चाकूपुर जैसे नाम दिए जाने लगे तब एक व्यक्ति ने मोर्चा संभाला और कांग्रेस की अराजकता खिलाफ जमीन पर उतर कर लड़ा वह नाम बृजमोहन अग्रवाल है देश को विकसित बनाने और रायपुर को स्मार्ट और विकसित बनाने बृजमोहन से बेहतर व्यक्ति नही। कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी तो सत्ता के लिए तमाम समझौते करती है यह ऐसा गठबंधन भी बनाने को तैयार जिसमे राज्य के चुनावों में वे एक दूसरे के कट्टर विरोधी हैं पर नरेंद्र मोदी को हटाने के लिए अब परम्परागत दुश्मन भी गठबंधन करने तैयार हैं।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय ने कहा की भाजपा की विचारधारा समावेशी है हम राम और रोटी दोनो की बात साथ करते हैं एक तरफजहां हम धर्म का मजबूत स्तंभ खड़ा करते हैं वहीं देश के 80 लाख जरूरमंद परिवारों के लिए मुफ्त अन्न की व्यवस्था करते हैं। दुनिया में सबसे ताकतवर देशों में हमारा भारत अग्रणी पंक्ति में है और यह ताकत आपके वोट ने उन्हें दी है आप सभी के कीमती वोट से भारत में स्थाई सरकार का निर्माण होता है और केंद्र की भाजपा सरकार और नरेंद्र मोदी देशहित में जनहित में मजबूत निर्णय लेते हैं। इसके पूर्व आज बृजमोहन अग्रवाल ने सबसे पहले युवा मोर्चा की बैठक ली जिसमे रायपुर में निवासरत युवामोर्चा के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने एसपी को ज्ञापन

**रायपुर, 24 मार्च।** आसन्न होली त्यौहार व लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये मंदिर हसौद, आरंग व खरोरा थाना क्षेत्र के असामाजिक तत्वों पर लगाम कसने, क्षेत्र के? ग्रामों में नौनिहालों द्वारा होलिका दहन के पूर्व आम रास्ते में रस्सी बांध चंदा वसूलने व आचार संहिता लागू होने के बाद भी बिना अनुमति डी जे व लाउडस्पीकर बजा शांति में खलल डालने वालों के खिलाफठोस एवं प्रभावी कार्यवाही की मांग को ले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह व मंदिर हसौद थाना प्रभारी सचिन सिंह व आरंग थाना प्रभारी सत्येन्द्र सिंह श्याम को शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन की प्रति आरंग के अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पेन्द्र शर्मा को भी सौंप कार्यवाही सुनिश्चित कराने का आग्रह किया गया है। एसपी संतोष सिंह से प्रत्यक्ष मुलाकात कर व शेष सचिन, श्याम व शर्मा को व्हाट्स एप के माध्यम से प्रेषित ज्ञापन में शर्मा ने सन् 93 94 के आबकारी सत्र में आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम भानसोज में खुले नौ वर्ष पुराने शासकीय ठेका प्राप्त भट्ठी के खिलाफ किसान संघर्ष समिति के अगुवाई में तीनों थाना क्षेत्र के ग्राम के ग्रामीणों के सहयोग से चलाये गये सफल शराब भट्ठी विरोधी आंदोलन का जिक्र करते हुये जानकारी दी गयी है कि इसके बाद से क्षेत्र के? अधिकतर ग्रामों के ग्रामीण लगातार अवैध शराब बिक्री सहित अन्य असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ मुखर हैं।

### रायपुर प्रेस क्लब में छत्तीसगढ़ की संस्कृति के रंग बिखरे

## 60 साल के जीवन में ऐसी होली पहली बारः साय


**रायपुर, 24 मार्च।** स्व मधुकर खेर स्मृति रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में इस बार छत्तीसगढ़ की संस्कृति के रंग बिखरे। होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए, इस मौक़े पर उन्होंने सभी को रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएँ दी और कहा, रायपुर प्रेस क्लब की नयी युवा टीम के इस आयोजन को मैं कभी भूल नहीं पाउँगा क्योंकि 60 साल के अपने जीवन में मेरे लिये होली का ऐसा अनुभव बेहद ख़ास है। होली के मौक़े पर रायपुर प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को टोपी के साथ सब्ज़ियों की माला पहनाई और कटहल भेंट किया। विधायक अनुज शर्मा के फाग की धुन में मुख्यमंत्री भी रम गए और नंगाड़े पर हाथ आज़माया।



कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अरुण साव, विधायक अनुज शर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, बीजेपी मीडिया सेल के अध्यक्ष अमित चिमनानी, कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, सीएम के निज सचिव तुलसी कौशिक समेत बीजेपी-कांग्रेस के प्रवक्तागण और बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए। रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार शामिल हुए। डायरेक्टर सतीश जैन व मनोज वर्मा ने होली की बधाई दी तो लोकगायक सुनील सोनी ने अपनी आवाज के जादू से माहौल रंगीन कर दिया। लोकगायक अनुराग शर्मा ने अपने गीतों से होली का उत्साह दोगुना किया तो पंडवानी गायिका दुर्गा साहू ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का परिचय दिया। लोकगायिका भूमिका साहू, दीपिका-दीक्षा धनगर और मिथलेश्वरी सेन ने रायपुर प्रेस क्लब की होली में रंग जमाया।

## सूखे रंग और गुलाल से आँखों को बचाएं : दिनेश मिश्र

**रायपुर, 24 मार्च।** वरिष्ठ नेत्र एवं कान्टेक्ट लेन्स विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र ने होली पर आंखों व अन्य संवेदनशील अंगों को बचाकर रंग खेलने का सलाह दी है। उन्होंने कहा कि होली खेलें जरूर पर आंखों के अंदर में सूखा रंग व गुलाल न जाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।



डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि पहले होली प्राकृतिक वस्तुएं जैसे विभिन्न फूलों, पत्तियों, जड़ों व बीजों से तैयार रंगों से खेली जाती थी जो शरीर के लिए नुकसानदायक नहीं थे, इन रंगों के तैयार करने में भले ही समय अधिक लगता था तथा कम मात्रा में ही तैयार होते थे। लेकिन ये शारीरिक वातावरण के अनुकूल थे। आजकल बाजार में उपलब्ध रंग-गुलाल कृत्रिम व रासायनिक पदार्थों से बनते है।, जो कम समय में तथा अधिकाधिक मात्रा में बनते हैं, कृत्रिम रंग सस्ते जरूर हैं लेकिन शरीर को नुकसान पहुंचा सकते है। कृत्रिम रंग जिन रासायनिक पदार्थो से बनते है उनके रासायनिक गुणों के अनुरूप अम्लीय-क्षारीय होते हैं। ये केमिकल (रसायन) शरीर की त्वचा, पलकों, आंखों पर दुष्प्रभाव डालते हैं जिससे आंखों व चेहरे में जलन, खुजलाहट, सूजन, दाने आना, एलर्जी होना आदि प्रतिक्रिया होती है। यह प्रभाव अलग अलग व्यक्तियों में भिन्न हो सकता है। रंग व गुलाल में चमक के लिए अभ्रक पीस कर मिलाया जाता है जिससे त्वचा व आंखों में हानि पहुंचती है। वहीं गुलाल में मिट्टी व बारीक पिसी रेत मिलाने से चेहरे व आंख के नाजुक हिस्से में खरोंच हो जाती है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26